राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस समूह

मध्यप्रदेश, राजस्थान, हरियाणा, छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र से प्रकाशित







डाक पंजीयन क्रं. 173/15-17 | 5 शिखर धवन की आत्मकथा द वन की घोषणा | सम्पादकीय | मतदाता सूची सुधार अभियान कहीं.... | बाजार को चढ़ाती-गिराती थी अमेरिकी फर्म 5

वर्ष 12 अंक 38 E-mail: dholpur@hotmail.com फरीदाबाद, शनिवार 05 जुलाई 2025 ई-पेपर के लिए लॉगऑन करें -www.hindustanexpress.online मूल्य 2.00 रुपया, पृष्ठ 8

# त्रिनिनाद की प्रधानमंत्री कमला बिहार की बेटी : पीएम मोदी

### राम मंदिर का मॉडल, महाकुंभ का जल गिफ्ट किया

आर.एन.एस

**स्पेन।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार तड़के त्रिनिदाद और टोबैगो में भारतीय समुदाय को संबोधित किया। उन्होंने पीएम कमला प्रसाद बिसेसर को बिहार की बेटी कहा और उन्हें राम मंदिर का मॉडल और सरयू नदी के जल के साथ-साथ प्रयागराज में आयोजित महाकुंभ का जल भी भेंट किया।पीएम मोदी ने भारतीय समुदाय की यात्रा को साहस की मिसाल बताया। पीएम ने कहा- वे (भारतीय प्रवासी) गंगा और यमुना को पीछे छोड़ आए, लेकिन अपने दिल में रामायण को साथ लाए। उनके योगदान ने इस देश को सांस्कृतिक, आर्थिक और आध्यात्मिक रूप से समृद्ध किया है। वे अपनी मिट्टी छोड़ आए, लेकिन अपने संस्कार नहीं छोड़े। वे सिर्फ प्रवासी नहीं थे, बल्कि एक सभ्यता के दूत थे। मोदी ने ऐलान किया कि भारतीय मूल के लोगों की छठी पीढ़ी को भी ओवरसीज सिटीजन ऑफ इंडिया कार्ड दिया जाएगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शुक्रवार तड़के त्रिनिदाद और टोबैगो की राजधानी पोर्ट ऑफ स्पेन पहुंचे हैं। प्रधानमंत्री कमला परसाद-बिसेसर और उनके 38 मंत्रियों और चार सांसदों ने एयरपोर्ट पर मोदी की अगवानी की।



# केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह व रक्षामंत्री राजनाथ सिंह से मिले केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया





-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज-

**नईदिल्ली।** केन्द्रीय मंत्री श्रीमंत ज्योतिरादित्य सिंधिया ने गत दिवस केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह से राजधानी में शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान संचार, डिजिटल क्रांति, एवं उत्तर-पूर्वी भारत के समग्र विकास पर विस्तृत चर्चा भी हुई। उधर केन्द्रीय मंत्री श्रीमंत ज्योतिरादित्य सिंधिया ने देश के रक्षामंत्री राजनाथ सिंह से उनके दिल्ली आवास पर आत्मीय भेंट की। इस अवसर पर समसामयिक विषयों पर विस्तृत एवं सारगर्भित चर्चा भी हुई।

# भारतीय-अमेरिकी पैसेंजर ने फ्लाइट में यात्री का गला दबाया, गिरफ्तार

**वॉशिंगटन।** अमेरिका में एक भारतीय मूल के व्यक्ति पर फ्लाइट में दूसरे पैसेंजर के साथ मारपीट और गला दबाने का आरोप लगा है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, यह विवाद उड़ान भरने के कुछ समय बाद हुआ।

घटना 30 जून को अमेरिकी फ्रंटियर एयरलाइंस में हुई। ये फ्लाइट फिलाडेल्फिया से मियामी जा रही थी। झगड़े का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वीडियो में 21 साल का भारतीय मूल का ईशान शर्मा और पैसेंजर केनू इवांस एक-दूसरे से लड़ते दिख रहे हैं, जबकि दूसरे लोग उन्हें रोकने की कोशिश कर रहे हैं।

घटना को लेकर इवांस ने दावा किया - ईशान उसकी आगे वाली सीट पर बैठा था और अजीब हरकतें कर रहा था, जैसे बार-बार हंसना और बड़बड़ाना, जिससे मुझे परेशानी हो रही थी। ईशान के हरकतों से परेशान होकर इवांस ने केबिन क्रू से मदद मांगी। जिसके बाद ईशान ने लड़ाई शुरू कर दी और इवांस का गला पकड़ लिया। लड़ाई में ईशान और इवांस को काफी चोटें आईं। ईशान को मियामी एयरपोर्ट पर उतरते ही हिरासत में ले लिया गया। इसके बाद 1 जुलाई को ईशान को मियामी कोर्ट में पेश किया गया। अदालत में पेशी के दौरान ईशान के वकील ने दावा किया कि वे सिर्फ मेडिटेशन कर रहे थे, जिसे पीछे बैठे इवांस ने गलत तरीके से समझा।

# सागर में आज मनेगा श्री रविशंकर जी महाराज का अवतरण दिवस

## अनेक कार्यक्रमों का आयोजन होगा

*चन्द्रप्रकाश शिवहरे*
*प्रधान संपादक*

**रावतपुरा धाम।** अनंत श्री विभूषित संत शिरोमणि श्री श्री रविशंकर जी महाराज (रावतपुरा सरकार) का प्राकट्योत्सव आज 05 जुलाई को श्री रावतपुरा सरकार आश्रम वेदांती परिसर, सागर में पूर्ण श्रद्धाभाव के साथ मनाया जाएगा। इस दौरान अनेक धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन होगा। इस दौरान दोपहर 1 बजे सदाशिव प्रतिमा का लोकार्पण भी किया जाएगा। श्री रावतपुरा सरकार लोक कल्याण ट्रस्ट रावतपुरा धाम द्वारा महाराजश्री के अवतरण दिवस को भव्य व आकर्षक बनाने के लिए सभी तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा चुका है। यहां इस बात का उल्लेख करना आवश्यक होगा कि महाराजश्री का अवतरण दिवस प्रतिवर्ष भक्तों द्वारा पूर्ण श्रद्धाभाव के साथ मनाया जाता है। कार्यक्रम में समूचे देश से भक्तजन एकत्रित होते हैं। आज प्रातः की बेला में प्रातःकालीन पूजन व कामधेनु पूजन किया जायेगा। सागर के साथ-साथ रावतपुरा धाम, रायपुर आश्रम, हरिद्वार आश्रम, चित्रकूट आश्रम, वृन्दावन सहित कोलकाता, दिल्ली, मुम्बई, भोपाल, इन्दौर, बिलासपुर, धमतरी, लखनऊ आदि शहरों में भी महाराजश्री का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया जायेगा।



किसी भी शिष्य के जीवन में सद्गुरू का आगमन सामान्य घटना नहीं होती। यह शिष्य के पुण्यों का फल होता है कि उसे सद्गुरू प्राप्त होते हैं। सद्गुरू और शिष्य का संबंध दिखने में तो इसी जीवन का लगता है, लेकिन हमारे धार्मिक साहित्यों का कहना है कि गुरू व शिष्य का संबंध एक जन्म का नहीं होता अपितु यह एक निरंतर प्रक्रिया है,जो घटित होती रहती है। यह प्रक्रिया जब तक चलती रहती है तब तक शिष्य को परमतत्व की प्राप्ति नहीं हो जाती। इसी उद्देश्य और ध्येय की प्राप्ति के लिए ईश्वररूपी सद्गुरू मानवदेह का रूप धारण कर परमपिता परमात्मा के अंश के रूप में इस पृथ्वी पर अवतरण लेते हैं। ऐसे ही हैं हमारे सद्गुरू श्री श्री 1008 श्री अनंतश्री विभूषित परमहंस श्री रविशंकर जी महाराज (श्री रावतपुरा सरकार) जिनका अवतरण दिवस आज 05 जुलाई को है। निश्चित रूप से सद्गुरू का अवतरण दिवस किसी भी शिष्य के लिए जीवन की अति प्रमुख घटनाओं में से एक होता है या हम कहें कि यह दिवस उसके लिए सर्वोच्च दिवस होता है। क्योंकि सद्गुरू के अवतरण के बाद ही हम शिष्यरूपी सभी क्रियाओं को संपादित कर पाते हैं। यदि सद्गुरू का अवतरण ही नहीं होगा तो हमारे साथ ''शिष्य'' रूपी संज्ञा कैसे जुड़ पायेगी? श्री रविशंकर जी महाराज अपने शिष्यों के कल्याणार्थ दिन व रात का भेद न करते हुए लगातार उनके हित में ही सोचते व कार्य करते रहते हैं। ऊपर से दिखने में सहज, सरल व सौम्य स्वभाव के धनी श्री रविशंकर जी महाराज आवश्यकता पड़ने पर शिष्य के हित में कठोर भी हो जाते हैं। शिष्य की भलाई के लिए गुरू की कठोरता परम आवश्यक है। क्योंकि कुंभकार घड़े को सुन्दर आकार देने के लिए उस पर बाहर से प्रहार करता है, लेकिन कुंभकार का एक हाथ घड़े के भीतर रहता है ताकि घड़ा टूट न जाए। निश्चित रूप से सद्गुरू का जीवन में आगमन ज्योति पुंज की तरह होता है जो हमारे अंधकार मय जीवन में उजाला कर देते हैं। गुरू और शिष्य का साथ जन्म-जन्मांतर का होता है।

# दीपावली के बाद बहनों को हर महीने देंगे 1500 रुपए : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

## सिंगरौली जिले के सरई में हुआ महिला सशक्तिकरण एवं जनजातीय गौरव सम्मेलन

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि सिंगरौली प्रदेश का सीमावर्ती, खनिज सम्पन्न और सर्वप्रिय जिला है। सिंगरौली को शीघ्र ही मेडिकल कॉलेज की सौगात मिलने वाली है। अगले साल से यहां पढ़-लिखकर डॉक्टर निकलेंगे। आज प्रदेशभर के 94 हजार 234 प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को लैपटॉप की राशि ट्रांसफर की गई है। इसमें 60 प्रतिशत छात्राएं और 40 प्रतिशत छात्र शामिल हैं। राज्य सरकार जनजातीय अंचल में सभी वर्गों के लिए कल्याणकारी योजनाएं संचालित कर रही है। बीते 2 साल में प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को 15 हजार से अधिक स्कूटी बांटी गई हैं। हमारी सरकार सबके चतुर्दिक विकास के लक्ष्य की ओर अग्रसर है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव शुक्रवार को सिंगरौली जिले के सरई गांव में महिला सशक्तिकरण तथा जनजातीय गौरव सम्मान समारोह को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि गुरु हमें अंधकार से प्रकाश की ओर ले जाता है। कुछ दिनों बाद 10 जुलाई को गुरु पूर्णिमा है, इस दिन प्रदेश के सभी दीपावली के बाद बहनों को हर महीने देंगे 1500 रुपए : मुख्यमंत्री डॉ. यादव स्कूल-कॉलेज, हॉस्टल सहित बच्चों की सुविधा से जुड़े निर्माण कार्यों का एक साथ लोकार्पण होगा। शासकीय स्कूलों के बच्चों को साइकिल, ड्रेस और किताबों का वितरण भी किया जाएगा।










# खनिज रॉयल्टी की चोरी से तीन प्रदेश सरकारों को प्रतिमाह करोड़ों रुपयों के राजस्व की हो रही है हानि

# ई-खनिज रॉयल्टी एमपी-सेंड से मोरम की आड़ में डम्परों से गिट्टी व डस्ट का हो रहा अवैध कारोबार!






» धौलपुर..राजस्थान सीमा पर जप्त किये गये खनिज वाहन

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**ग्वालियर/धौलपुर ब्यूरो।** 'इन दिनों मध्य प्रदेश के ग्वालियर, दतिया, मुरैना भिंड जिलों से राजस्थान और उत्तर प्रदेश सहित अन्य राज्यों में भेजे जाने वाले खनिज उत्पाद में रॉयल्टी चोरी का बड़ा मामला सामने आया है। खनिज विभाग के अधिकारियों की मिली भगत से एक रैकेट रॉयल्टी चोरी कर ना केवल मध्य प्रदेश बल्कि राजस्थान व उत्तर प्रदेश सहित अन्य राज्यों में अवैध रूप से जा रहे खनिज से इन राज्यों को भी प्रतिमाह करोड़ों रुपयों के राजस्व का नुकसान पहुंचाया जा रहा है।'

उल्लेखनीय है कि राजस्थान में प्रदेश भर में अवैध खनिज के विरुद्ध चलाई जाए रहे अभियान के तहत धौलपुर जिला पुलिस अधीक्षक सुमित मेहरड़ा द्वारा राजस्थान सीमा से गुजरने वाले ट्रकों की भी सख्ती से जांच कर करवाई की जा रही है। बताया जा रहा है कि जांच के दौरान जांच करने वाले खनिज अधिकारीयों और कर्मचारीयों के सामने यह तथ्य प्रकाश में आया की मध्य प्रदेश से आने वाले खनिज ईटीपी में अंकित खनिज के स्थान पर अन्य खनिज का कारोबार किया जा रहा है लेकिन जानकारी के बावजूद खनिज विभाग द्वारा नाकों पर सिर्फ रॉयल्टी संबंधी कागजातों को ही देखकर डम्परो व अन्य वाहनों को आगे बढ़ने दिया जा रहा है। जबकि रॉयल्टी चोरी का असली खेल गलत ईटीपी खनिज के माध्यम से किया जा रहा है। इस खेल की शुरुआत खनिज उत्खनन के दौरान ही शुरू होती है। जहां रॉयल्टी के दस्तावेजों में हेर फेर की जाती है। आपको बता दें कि अन्य राज्यों की तरह मध्यप्रदेश में भी अलग-अलग खनिजों की रॉयल्टी की दरें अलग-अलग हैं। इसी का फायदा उठाकर ई खनिज रॉयल्टी की आड़ में हेर फेर की जाती है।

मध्यप्रदेश के क्रेशरों से निकलने वाली एमपी सेंड की रॉयल्टी दर प्रति

## भौतिक सत्यापन नहीं होने से हो रही है राजस्व की चोरी

## अब धौलपुर खनिज विभाग ऐसे खनिज वाहनों पर जुर्माना लगाकर कसेगा नकेल!

घन मीटर है। इसी तरह मोरम और बोल्डर यानी खंडे की रॉयल्टी दर भी मध्य प्रदेश में 56 रुपये प्रति घन मीटर है। जबकि गिट्टी की रॉयल्टी दर 135 रुपए प्रति घन मीटर निर्धारित की गई है। रॉयल्टी चोरी का पूरा खेल इसी पर होता है। जहां से खनिजों की निकासी होती है वहां गिट्टी की रायल्टी पर गिट्टी की जगह एम सैंड,मोरम और बोल्डर दर्ज कर दिया जाता है क्योंकि इन खनिजों की राजस्व कर दर कम है। रास्ते में जहां नाकों पर जांच होती है वहां जांच के नाम पर सिर्फ खाना पूर्ति की जाती है। यहां सिर्फ रायल्टी को ही देखा जाता है। जिससे चोरी का पता ही नहीं चलता। अगर जांच अधिकारी ट्रक, डंपर या अन्य वाहनों पर लदे माल की चेकिंग कर लें तो सब कुछ साफ हो जाएगा। मध्य प्रदेश से गुजरने वाले इन वाहनों को ग्वालियर, मुरैना, धौलपुर व आगरा में गुजरते समय खनिज विभाग निगरानी दल वाहन पर सिर्फ रायल्टी देखकर ही जांच के नाम पर छोड़ देता है जबकि वास्तविक स्थिति में वाहन के पास मौजूद ईटीपी में दर्ज खनिज दूसरा होता है। राजस्थान के धौलपुर जिले में पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर इस मामले में सख्ती तो बढ़ गई है लेकिन जांच दल डम्पर पर लदे माल की जांच नहीं कर रहे हैं। इसके चलते प्रतिदिन लाखों रुपयो के राजस्व की मध्य प्रदेश, राजस्थान व उत्तर प्रदेश की राज्य सरकारों को हानि हो रही है।

ग्वालियर से लेकर राजस्थान उत्तर प्रदेश से गुजरने वाले ट्रकों की अगर ईमानदारी से जांच की जाये तो ना केवल इस बड़ी राजस्व हानि को रोका जा सकता है बल्कि लाखों रुपया जमाने के रूप में वसूला जा सकता है। धौलपुर में जहां इस मामले में सख्ती की जा रही है वहीं अपने ही गृह मध्य प्रदेश खनिज विभाग के अधिकारी लापरवाह बने हुये हैं। बताया जा रहा है कि अगर धौलपुर में डम्परो में लदे माल का भौतिक सत्यापन भी शुरू कर दिया जाये तो काफी हद तक इस पर अंकुश लगाकर राज्य सरकारों को होने वाले नुकसान को रोका जा सकता है।

### इनका कहना है

'मध्यप्रदेश से आने वाले खनिजों की ईटीपी में दर्ज खनिज के स्थान पर अन्य खनिज के परिवहन की जानकारी संज्ञान में आने के उपरांत ऐसे वाहनों की विभाग द्वारा गहनता से जांच कर नियमानुसार जुर्माना वसूला जायेगा। - **पुष्पेंद्र मीणा,** जिला खनिज अधिकारी, धौलपुर'

# मुझे विश्वास है कि हमारा समाज आगे भी रक्तदान शिविर लगायेगा: विजय शिवहरे















-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज-

**आगरा।** शिवहरे समाज एकता परिषद की ओर से शुक्रवार को आयोजित 'रक्तदान शिविर' सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। परिषद के संस्थापक अध्यक्ष स्व. अतुल शिवहरे की प्रथम पुण्यतिथि पर लगाए गए 'रक्तदान शिविर' में लगभग 50 यूनिट रक्तदान हुआ जिसमें स्वजातीय बंधुओं की बड़ी भागीदारी रही। दिल्ली गेट स्थित समर्पण ब्लड बैंक में हुए

## शिवहरे समाज के शिविर में 50 यूनिट रक्तदान किया गया

शिविर का उद्घाटन एमएलसी विजय शिवहरे ने किया। उन्होंने कहा कि शिवहरे समाज का यह पहला रक्तदान शिविर है और भविष्य में समाज के विभिन्न संगठनों से भी रक्तदान-महादान के शिविर आयोजित करते रहने की अपेक्षा है। इस दौरान दाऊजी मंदिर अध्यक्ष बिजनेश शिवहरे, राधाकृष्ण मंदिर अध्यक्ष अरविंद गुप्ता, शिवहरे समाज फिरोजाबाद के अध्यक्ष कमल गुप्ता एडवोकेट मंचासीन रहे। संचालन शिवहरेवाणी के संपादक सोम साहू ने किया, परिषद के अध्यक्ष अंशुल शिवहरे ने सभी का आभार व्यक्त किया। परिषद के अमित शिवहरे, डॉ. गौरव गुप्ता, हिमांशु शिवहरे, अंकुर गुप्ता, वरुण गुप्ता एडवोकेट, अंकित शिवहरे, पंकज शिवहरे, कुशल गुप्ता, सुगम शिवहरे, सरजू गुप्ता ने व्यवस्थाओं में सहयोग किया।

शिविर में धर्मेश शिवहरे, आशीष शिवहरे, वीरेंद्र गुप्ता एडवोकेट, अजय शिवहरे अग्गू, किशन गुप्ता, सूरज शिवहरे, विकास गुप्ता, नवनीत गुप्ता, यश गुप्ता, निखिल शिवहरे, अमित शिवहरे, आनंद शिवहरे समेत बड़ी संख्या में लोगों ने रक्तदान किया।

# "एक पेड़ माँ के नाम", रासेयो इकाईयों द्वारा वृक्षारोपण कार्यक्रम सम्पन्न

-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज-

**मुरैना/अम्बाह।** शुक्रवार को अम्बाह पीजी कॉलेज की रासेयो इकाइयों द्वारा 01 जुलाई से 07 जुलाई तक आयोजित वन महोत्सव एवं ''एक पेड़ माँ के नाम'' कार्यक्रम के अंतर्गत ग्राम बड़ी तोर स्थित मंदिर परिसर में, जहां पूर्व में रासेयो द्वारा अमृत वाटिका की स्थापना की गई थी, कुल 20 छायादार एवं फलदार पौधों का रोपण किया गया। यह आयोजन महाविद्यालय के प्राचार्य एवं रासेयो के संरक्षक प्रो. विश्वास मेढेकर के निर्देशन में सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर कार्यक्रम अधिकारी डॉ. रक्षा कम्ठान ने ''एक पेड़ माँ के नाम'' की संकल्पना को स्पष्ट करते हुए कहा कि यह प्रतीकात्मक संकेत है उस मातृ शक्ति का, जो अपने बच्चों के जीवन को पोषित करने तथा अगली पीढ़ी के भविष्य को संरक्षित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है; अतः माँ की भूमिका का सम्मान करते हुए प्रत्येक व्यक्ति को प्रकृति के प्रति अपना कर्तव्य निभाना चाहिए। डॉ. पूर्णिमा अग्रवाल ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि वन महोत्सव एक ऐसा त्यौहार है जो प्रकृति की सुंदरता, जीवनदायिनी शक्ति और पृथ्वी माता के प्रति सम्मान का प्रतीक है; वृक्षारोपण भारतीय संस्कृति की उस विरासत को जीवंत



करता है जिसमें प्रकृति को देवतुल्य माना गया है। कार्यक्रम अधिकारी अरुण सिंह तोमर ने सभी स्वयंसेवकों को यह संकल्प दिलाया कि वे लगाए गए प्रत्येक पौधे को जीवित व सुरक्षित रखने की जिम्मेदारी निभाएंगे। कार्यक्रम में वरिष्ठ स्वयंसेवक प्रभाकर, अजय, शिवशक्ति, साहिल, शिवानी, काजल, यशोदा, खुशबू, मयंक आदि की सक्रिय सहभागिता उल्लेखनीय रही।

# नेमिनाथ भगवान का निर्वाणोत्सव, भव्य पालकी यात्रा और गिरनार सिद्धक्षेत्र की दिव्य झांकी बनी आकर्षण का केंद्र

-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज-

**मुरैना/अम्बाह।** श्री दिगम्बर जैसवाल जैन उपरोंचिया परिषद, दिल्ली-एनसीआर द्वारा राजधानी के शकरपुर क्षेत्र में पहली बार भगवान श्री 1008 नेमिनाथ के निर्वाण महोत्सव का भव्य आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम युगल मुनि 108 श्री शिवानंद जी, मुनि 108 श्री प्रश्मानंद जी, आर्यिका 105 सुज्ञान मति जी और आर्यिका 105 दया मति जी के पावन सानिध्य में आयोजित हुआ। जिसमें अम्बाह मुरैना के श्रद्धालु बड़ी संख्या में शामिल हुए।

इस अवसर पर श्री 1008 नेमिनाथ भगवान की पालकी यात्रा श्री दिगम्बर जैन मंदिर, मास्टर ब्लॉक शकरपुर से बैंड बाजे और भक्ति गीतों के साथ निकाली गई, जिसका नगरवासियों और भक्तों ने उत्साह से स्वागत किया। कार्यक्रम स्थल पर झांसी से आए कलाकारों द्वारा श्री गिरनार पर्वत की दिव्य कृत्रिम रचना प्रस्तुत की गई, जिसमें पाण्डुक शिला पर इंद्रों द्वारा श्रीजी का अभिषेक दृश्य विशेष आकर्षण का केंद्र रहा।



### सैकड़ों श्रद्धालुओं की उपस्थिति, दिल्ली से लेकर अन्य प्रांतों तक से उमड़ा भक्तों का सैलाब

इस समारोह में दिल्ली-एनसीआर के अलावा मुरैना, ग्वालियर, अंबाह, आगरा, धौलपुर, अजमेर, शिवपुरी, शमशाबाद सहित अनेक स्थानों से हजारों श्रद्धालु सम्मिलित हुए। कार्यक्रम में मातृशक्ति ने निर्वाण लाड़ू, चंवर एवं अन्य भक्ति कार्य मे सक्रिय सहभागिता निभाई।

### सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ और बच्चों की चित्रकला ने भी बटोरी सराहना

कार्यक्रम में नन्हें बच्चों द्वारा प्रस्तुत चित्रकला प्रदर्शन एवं संस्कृत भूमिका ने सभी का मन मोह लिया। स्याद्वाद युवा क्लब की सक्रिय भूमिका भी सराहनीय रही जिन्होंने आयोजन की व्यवस्थाओं में अहम योगदान दिया।

समाजबंधुओं, भामाशाहों और मंदिर समितियों का समर्पण सराहनीय

समारोह की सफलता में मास्टर ब्लॉक, निर्माण विहार और B-40 जैन मंदिरों की समितियों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। परिषद की मातृशक्ति की मेहनत, भामाशाहों के आर्थिक सहयोग और कार्यकारिणी के समर्पण ने आयोजन को अभूतपूर्व ऊंचाइयों तक पहुंचाया।

### कार्यक्रम को सफल बनाने वालों का हृदय से आभार

अध्यक्ष सुनील जैन (मोना जेनरेटर), महामंत्री सौरभ जैन (गोविंदपुरी), कोषाध्यक्ष पदम चंद जैन (शकरपुर) और प्रवक्ता ऋषभ जैन (JNU) ने संयुक्त रूप से सभी का धन्यवाद करते हुए समाज को आश्वस्त किया कि भविष्य में भी ऐसे आध्यात्मिक व सांस्कृतिक आयोजनों को और भव्य रूप देंगे।

# पटवारी ने उप्रेती ब्राह्मण के ईडब्ल्यूएस आवेदन पर लगाई बढ़ई जाति की टीप

-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज-

**मुरैना।** पटवारी द्वारा उत्तराखंड के एक उप्रेती ब्राह्मण परिवार के श्वङ्कुस आवेदन पर जाति की गलत टीप अंकित की जा रही थी। प्रशांत शर्मा पुत्र रामबरन शर्मा निवासी गल्ला मंडी गेट ने अपने श्व2ह्य आवेदन के बाद पटवारी की टीप के लिए गये थे। मौजा पटवारी द्वारा प्रशांत से पूछा गया कौन से ब्राह्मण है? तब प्रशांत शर्मा ने बताया कि हम ब्राह्मण हैं उप्रेती हमारा उपनाम है और हमारे परिवार मूलतः उत्तराखंड से यहां आकर बसे हैं।

तो मौजा पटवारी ने प्रशांत शर्मा के श्वङ्कुस प्रतिवेदन पर जाति उप्रेती ब्राह्मण एवं बढ़ई की टीप अंकित कर दी एवं एसडीएम के आदेश दिखाने के बाद भी पटवारी नहीं माना। तहसीलदार द्वारा प्रार्थी का आवेदन निरस्त कर दिया गया तब प्रशांत शर्मा ने कलेक्टर के समक्ष अपील कर अपने खसरा, पंचनामा, एतिहासिक पुस्तकें एवं ब्राह्मण जाति के समस्त दस्तावेज प्रस्तुत किए जिस पर कलेक्टर द्वारा अधीनस्थ न्यायालय तहसीलदार के निर्णय को निरस्त कर दिनांक 10/09/2024 को प्र.क्र. स्न/419/0124/07/2024 में प्रशांत शर्मा का श्वङ्कुस बनाये जाने का आदेश किया गया।

उसके बाद जब अगले वर्ष प्रशांत शर्मा द्वारा अपना आवेदन प्रस्तुत किया तब मौजा पटवारी जौरा खुर्द द्वारा पुनः उसी प्रकार से जाति की टीप लगाई गई और जब प्रार्थी ने कलेक्टर का आदेश दिखाया तब भी पटवारी नहीं माना तब प्रशांत शर्मा द्वारा पटवारी मौजा जौरा खुर्द के विरुद्ध मानहानि प्रकरण माननीय न्यायालय में क्रं. 825/2025 प्रस्तुत किया गया जो विचाराधीन है। तहसीलदार द्वारा गलत टीप होने के कारण प्रार्थी का आवेदन पुनः निरस्त किया गया। जिसकी अपील कलेक्टर पर की गई जिसमें पटवारी द्वारा एक झूठी आपत्ति दर्ज करवाई गयी।

अपर कलेक्टर द्वारा झूठी आपत्ति को खारिज कर ब्राह्मण जाति के समस्त दस्तावेज से संतुष्ट होकर आवेदक प्रशांत शर्मा का श्वङ्कुस बनाये जाने का आदेश दिया।

# प्राकृतिक आजीविका आधारित आत्मनिर्भर समाज निर्माण की दिशा में एकता परिषद की पहल



-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज-

**रायपुर, तिल्दा।** छत्तीसगढ़ के रायपुर तिल्दा में एकता परिषद के निवर्तमान अध्यक्ष और देशभर में शांति, सम्मान व स्वराज के लिए कार्यरत जन नेता डॉ रन सिंह परमार अपने चार दिवसीय छत्तीसगढ़ प्रवास के दौरान रायपुर जिले के तिल्दा में पहुंचे। यहाँ उन्होंने एकता परिषद की प्रांतीय समिति के साथ एक विचारशील बैठक की, जिसमें संगठन के भविष्य के कार्यक्रमों, ग्रामीण समुदायों की भागीदारी और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण को लेकर गहन विमर्श हुआ। बैठक को संबोधित करते हुआ डॉ रन सिंह परमार ने कहा कि हमें प्रकृति आधारित आजीविका के माध्यम से स्वावलंबी समाज की रचना करनी है। आत्मनिर्भरता केवल आर्थिक स्वतंत्रता नहीं, बल्कि सामाजिक, सांस्कृतिक और नैतिक चेतना का विस्तार है। उन्होंने कहा कि गांवों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए जल, जंगल, जमीन और बीज जैसे प्राकृतिक संसाधनों पर अधिकार सुनिश्चित करना बेहद आवश्यक है। इस बैठक में एकता परिषद की प्रांतीय समिति के सक्रिय सदस्यों सहित विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधियों की भागीदारी रही। प्रमुख रूप प्रशांत भाई, निर्मला कुजूर, प्रयोग संस्था के अध्यक्ष सीताराम सोनवानी, सचिव अरुण भाई, एकता परिषद के राष्ट्रीय महासचिव रमेश शर्मा, रघुवीर भाई, तथा महिला भूमि अधिकार अभियान की संयोजक श्रद्धा बहिन उपस्थित रहे। बैठक में ग्रामीण समुदायों को संगठित कर उन्हें प्राकृतिक संसाधनों के प्रबंधन, जैविक कृषि, भूमि अधिकार, महिला नेतृत्व और युवाओं की भूमिका को बढ़ावा देने के अनेक उपायों पर चर्चा की गई। उपस्थित प्रतिनिधियों ने इस अवसर पर सामूहिक निर्णय लिया कि छत्तीसगढ़ में ग्राम स्तर पर जनजागरण और संगठन निर्माण की प्रक्रिया को और सशक्त बनाया जाएगा। इस कार्यक्रम ने एकता परिषद की प्रतिबद्धता को और प्रगाढ़ किया है कि सामाजिक न्याय और प्राकृतिक संसाधनों पर अधिकार के लिए संघर्षरत समुदायों को न केवल सशक्त किया जाएगा, बल्कि उनके नेतृत्व में एक नया आत्मनिर्भर समाज रचा जाएगा।




# सामाजिक समरसता कार्यक्रम

सायं 6:00 बजे | दत्तोपंत ठेंगड़ी सभागार, कृषि विश्वविद्यालय, ग्वालियर

# विकास कार्यों का भूमिपूजन एवं लोकार्पण

अपराह्न 4:00 बजे | आई एस बी टी, ग्वालियर

मुख्य अतिथि

**डॉ. मोहन यादव**
मुख्यमंत्री, मध्यप्रदेश

गरिमामयी उपस्थिति

**ज्योतिरादित्य सिंधिया**
केन्द्रीय मंत्री, संचार एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास

**नरेन्द्र सिंह तोमर**
अध्यक्ष, मध्यप्रदेश विधानसभा

5 जुलाई, 2025

## समरस समाज की स्थापना के सतत प्रयास

डॉ. भीमराव अम्बेडकर की जन्मभूमि महू, महानिर्वाण स्थल दिल्ली, दीक्षा भूमि नागपुर, चैत्य भूमि मुंबई और शिक्षा स्थल लंदन 'मुख्यमंत्री तीर्थदर्शन योजना' में सम्मिलित

महू को अंतर्राष्ट्रीय स्थल के रूप में विकसित करते हुए अम्बेडकर इंटरनेशनल रिसर्च सेंटर एवं स्मारक संग्रहालय का विकास एवं महू रेलवे स्टेशन का नाम बदलकर हुआ अम्बेडकर नगर स्टेशन

- डॉ. भीमराव अम्बेडकर कामधेनु योजना - स्व-रोज़गार के लिए डेयरी इकाई लगाने हेतु ₹42 लाख तक ऋण
- डॉ. भीमराव अम्बेडकर आर्थिक कल्याण योजना - अनुसूचित जाति के युवाओं को ₹1 लाख तक की स्व-रोज़गार अनुदान सहायता
- डॉ. बाबा साहेब अम्बेडकर उद्योग उदय योजना - एमएसएमई क्षेत्र में अनुसूचित जाति-जनजाति उद्यमियों को वित्तीय सहायता
- अम्बेडकर गौ-शाला विकास योजना - आधुनिक गौ-शालाओं हेतु 125-150 एकड़ शासकीय भूमि आवंटन
- डॉ. भीमराव अम्बेडकर मेधावी विद्यार्थी पुरस्कार योजना - अनुसूचित जाति के मेधावी विद्यार्थियों को 10वीं-12वीं में सर्वोच्च अंक लाने पर ₹30 हजार का पुरस्कार
- डॉ. भीमराव अम्बेडकर छात्रवृत्ति योजना - अनुसूचित जाति के मेधावी विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा छात्रवृत्ति एवं अंतर्राष्ट्रीय अध्ययन हेतु अम्बेडकर फैलोशिप
- भोपाल में मध्यप्रदेश के सबसे लंबे फ्लाईओवर का नाम डॉ. अम्बेडकर के नाम पर रखा गया
- डॉ. बी.आर. अम्बेडकर वन्यजीव अभयारण्य - सागर में 258.64 वर्ग कि.मी. में प्रदेश का 25वां अभयारण्य

सीधा प्रसारण webcast.gov.in/mp/cmevents @Cmmadhyapradesh @jansampark.madhyapradesh @Cmmadhyapradesh @JansamparkMP JansamparkMP

D11058/25



# शिखर धवन की आत्मकथा द वन की घोषणा

**बोले: क्रिकेट के मैदान की बात नहीं, इसमें उनके संघर्षों की पूरी कहानी**

**नईदिल्ली।** पूर्व भारतीय ओपनर शिखर धवन के जीवन पर उनकी आत्मकथा द वन आ रही है। उन्होंने इसकी घोषणा इंस्टाग्राम पर वीडियो पोस्ट करके दी। धवन ने न्यूज एजेंसी ANI को बताया कि मेरी किताब सिर्फ क्रिकेट के मैदान की बात नहीं करती। यह मेरे जीवन के उन पड़ावों, अनदेखे पलों, और मुश्किल दिनों की कहानी है, जब मुझे चोटों और चुनौतियों से जूझना पड़ा। यह किताब बताती है कि मैं आज जहां हूं, वहां तक कैसे पहुंचा। द वन में धवन के दिल्ली में बचपन से लेकर भारतीय जर्सी पहनने के सपने और वनडे क्रिकेट में भारत के सबसे



शानदार ओपनर बनने तक का सफर शामिल है। किताब में उनके क्रिकेट करियर के शानदार पल तो होंगे ही, लेकिन इसमें उनकी निजी जिंदगी की चुनौतियां, चोटों का दर्द और क्रिकेट कमबैक की कहानियां भी होंगी।

### धवन तीनों फॉर्मेट से ले चुके हैं संन्यास

धवन क्रिकेट के सभी फॉर्मेट से संन्यास ले चुके हैं। उन्होंने इंस्टाग्राम पर भावुक पोस्ट के जरिए अपने शानदार करियर को अलविदा कहा था। धवन ने 167 वनडे मैचों में 44.1 की औसत से 6,793 रन बनाए, जिसमें 17 शतक और 39 अर्धशतक शामिल हैं। टेस्ट क्रिकेट में उन्होंने 34 मैचों में 40.6 की औसत से 2,315 रन बनाए, जिसमें 7 शतक और 5 अर्धशतक थे। टी20 में उन्होंने 68 मैचों में 1,759 रन बनाए। फर्स्ट क्लास क्रिकेट में उनके नाम 122 मैचों में 8,499 रन हैं।

# भारत का बांग्लादेश दौरा तय समय पर नहीं होगा

**सुरक्षा कारणों के चलते BCCI ने मना किया; BCB ने मीडिया राइट्स की बिक्री रोकी**

**ढाका/नई दिल्ली।** भारत का बांग्लादेश दौरा अब तय समय पर नहीं होगा। बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड ने भले ही आधिकारिक घोषणा नहीं की है, लेकिन भारत के खिलाफ अगले महीने होने वाली वनडे और ञ्20 सीरीज की तैयारियां रोक दी गई हैं। माना जा रहा है कि भारत और बांग्लादेश के बीच हाल ही में बिगड़े रिश्तों और सुरक्षा की वजह से यह फैसला लिया गया है।

बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड ने सीरीज के मीडिया राइट्स की बिक्री भी टाल दी है। पहले 7 जुलाई को टेक्निकल बोली और 10 जुलाई को फाइनेंशियल बोली होनी थी। लेकिन अब बोर्ड ने तय किया है कि वह पहले पाकिस्तान



सीरीज (17-25 जुलाई) के लिए मीडिया राइट्स बेचेगा और फिर बाकी मैचों के लिए फैसला लेगा। एक हफ्ते पहले बीसीबी के अध्यक्ष अमीनुल इस्लाम ने कहा था कि दौरे में आने से पहले भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड को अपनी सरकार की मंजूरी का इंतजार है।

***BCCI ने भी मना किया, कोई तारीख तय नहीं***

क्रिकबज की रिपोर्ट के मुताबिक BCCI के एक अधिकारी ने बताया कि भारत ने अगस्त में दौरे के लिए मना कर दिया है। BCCI ने फिलहाल कोई पक्की तारीख नहीं दी है। हालांकि, अगले हफ्ते तक इस पर आधिकारिक बयान आ सकता है। सीरीज को बाद में आयोजित किए जाने की उम्मीद है। भारत सरकार ने मौजूदा हालात को देखते हुए BCCI को बांग्लादेश दौरे से बचने की सलाह दी है। हालांकि, यह सलाह सिर्फ द्विपक्षीय सीरीज के लिए है। बांग्लादेश में आए दिनों हिंसा के मामले हो रहे हैं। ऐसे में भारतीय टीम को बांग्लादेश भेजना सही नहीं हैं। 3 जून को भारत सरकार ने पाकिस्तान की हॉकी टीम को एशिया कप के लिए बिहार आने की अनुमति दी है, जो 29 अगस्त से 7 सितंबर तक राजगीर में होगा। ऐसे में एशिया कप में भारत-पाकिस्तान के मैच को लेकर संभावना बढ़ गई हैं।

# शुभमन ने गावस्कर, तेंदुलकर और कोहली के रिकॉर्ड तोड़े

## इंग्लैंड में बेस्ट स्कोर, बतौर भारतीय कप्तान सबसे ज्यादा रन बनाए

**बर्मिंघम।** इंग्लैंड के खिलाफ बर्मिंघम टेस्ट में भारत ने 587 रन बना दिए। कप्तान शुभमन गिल ने 269 रन की पारी खेलकर सुनील गावस्कर, सचिन तेंदुलकर और विराट कोहली जैसे दिग्गजों के रिकॉर्ड तोड़े। वे सबसे बड़ा स्कोर बनाने वाले भारतीय कप्तान बने। वहीं भारत ने 18 साल बाद इंग्लैंड में 500 रन का आंकड़ा पार किया।

1. 25 की उम्र में 2 फॉर्मेट में दोहरे शतक

कप्तान शुभमन गिल ने बर्मिंघम में पहले दिन शतक लगाया, जिसे दूसरे दिन उन्होंने डबल सेंचुरी में बदल दिया। 25 साल के शुभमन 269 रन बनाकर आउट हुए। यह टेस्ट में उनका पहला ही दोहरा शतक रहा। वे 23 साल की उम्र में वनडे फॉर्मेट में भी डबल सेंचुरी लगा चुके हैं। शुभमन 2 अलग-अलग फॉर्मेट में दोहरा शतक लगाने वाले सबसे युवा प्लेयर बने। उन्होंने रोहित का रिकॉर्ड तोड़ा, जिन्होंने 32 साल की उम्र में दोनों फॉर्मेट में डबल सेंचुरी लगाई थी।

2. शुभमन ने इंग्लैंड में बेस्ट स्कोर बनाया

शुभमन इंग्लैंड में सबसे बड़ा स्कोर बनाने वाले भारतीय प्लेयर भी बने। उन्होंने सुनील गावस्कर का 46 साल पुराना रिकॉर्ड तोड़ा। गावस्कर ने 1979 में द ओवल के मैदान पर 221 रन बनाए थे। इन 2 के अलावा राहुल द्रविड़ ही 2002 में इंग्लैंड के मैदान पर दोहरा शतक लगा सके हैं।

3. एशिया के बाहर बेस्ट टेस्ट स्कोर बनाने वाले भारतीय

शुभमन एशिया के बाहर भी सबसे बड़ा स्कोर बनाने वाले भारतीय बने। उन्होंने सचिन तेंदुलकर



का रिकॉर्ड तोड़ा, जिन्होंने 2004 में सिडनी के मैदान पर 241 रन बनाए थे।

4. भारतीय कप्तान का बेस्ट स्कोर

शुभमन की डबल सेंचुरी किसी भारतीय कप्तान का भी टेस्ट में बेस्ट स्कोर रहा। उन्होंने विराट कोहली का रिकॉर्ड तोड़ा, जिन्होंने 2019 में साउथ अफ्रीका के खिलाफ पुणे में 254 रन की नॉटआउट इनिंग खेली थी।

5. एशिया के बाहर बेस्ट स्कोर बनाने वाले एशियन कैप्टन

शुभमन एशिया के बाहर सबसे बड़ा स्कोर बनाने वाले एशियन प्लेयर भी बने। उन्होंने श्रीलंका के मारवान अटापट्टू का रिकॉर्ड तोड़ा, जिन्होंने 2004 में जिम्बाब्वे में 249 रन बनाए थे। विराट कोहली 2016 में वेस्टइंडीज के मैदान पर 200 रन बना चुके हैं।

# चेतकपुरी सड़क निर्माण में लापरवाही पड़ी भारी, दो कार्यपालन यंत्री निलंबित

## प्रभारी मंत्री सिलावट के निर्देश पर की गई कार्रवाई, नगर निगम आयुक्त ने जारी किए पृथक-पृथक निलंबन आदेश

**ग्वालियर।** नवनिर्मित चेतकपुरी सड़क धसकने की घटना को गंभीरता से लिया गया है। जिले के प्रभारी एवं जल संसाधन मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट के निर्देश पर इस सड़क निर्माण से जुड़े दो कार्यपालन यंत्रियों को निलंबित कर दिया गया है। नगर निगम आयुक्त श्री संघ प्रिय ने सड़क पर्यवेक्षण में इन दोनों की लापरवाही सामने आने पर इनके निलंबन के पृथक-पृथक आदेश जारी किए हैं।

प्रभारी मंत्री श्री सिलावट द्वारा शुक्रवार को ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर के साथ शहर की सड़कों का निरीक्षण किया गया। इस दौरान शहरवासियों ने प्रमुखता के साथ चेतकपुरी सड़क धसकने की ओर ध्यान आकर्षित किया था। इसे प्रभारी मंत्री ने विशेष गंभीरता से लिया और संबंधित तकनीकी अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए। इसी परिपालन में नगर निगम आयुक्त श्री संघ प्रिय ने सड़क निर्माण में लापरवाही बरतने वाले प्रभारी कार्यपालन यंत्री पीआईयू नगर निगम श्री पवन सिंघल एवं प्रभारी कार्यपालन यंत्री श्री सुरेश अहिरवार को निलंबित कर दिया है। निलंबन आदेश में स्पष्ट किया गया है कि इन दोनों तकनीकी अधिकारियों द्वारा अनुबंधित ठेकेदार द्वारा किए गए सड़क निर्माण के पर्यवेक्षण में लापरवाही बरती है। इस कारण ठेकेदार द्वारा मानक अनुसार सड़क निर्माण नहीं किया गया। दोनों तकनीकी अधिकारियों का यह कृत्य सौंपे गए दायित्वों के प्रति गंभीर लापरवाही को प्रदर्शित करता है। यह मध्यप्रदेश सिविल सेवा आचरण नियम के प्रावधानों का स्पष्ट उल्लंघन है। नगर निगम आयुक्त श्री संघ प्रिय ने मध्यप्रदेश नगर पालिक अधिनियम की धारा-58 के तहत एवं मेयर इन काउंसिल की स्वीकृति की प्रत्यशा में अलग-अलग निलंबन आदेश जारी किए गए हैं।

# कार दुर्घटना में पुर्तगाली फुटबॉलर डिएगो जोटा की मौत

## टायर फटने से पलटी कार, आग लगी, दो हफ्ते पहले हुई थी शादी

**जमोरा।** 28 साल के पुर्तगाली फॉरवर्ड डिएगो जोटा का कार एक्सीडेंट में निधन हो गया। वह लिवरपूल से भी खेलते थे। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक पुर्तगाली सीमा के जमोरा प्रांत में उनके कार का एक्सीडेंट हो गया। डिएगो जोटा एक लेम्बोर्गिनी चला रहे थे। स्थानीय खबरों के अनुसार उनके कार का टायर फट गया। उनकी कार पलट गई और फिर उसमें आग लग गई। यह घटना गुरुवार की सुबह हुई। जोटा के साथ उनके छोटे भाई आंद्रे सिल्वा (26 वर्ष) भी गाड़ी में थे। वह भी एक पेशेवर फुटबॉलर थे और पुर्तगाली टीम स्रष्ट पेनाफिल के लिए खेलते थे। दोनों भाइयों की इस हादसे में मौत हो गई। जोटा की दो हफ्ते पहले ही शादी हुई थी। रिपोर्ट्स के अनुसार, स्पेन के जमोरा में स्थानीय फायर अधिकारियों ने बताया कि दो लोगों की मौत हो गई। मृतकों की उम्र 28 और 26 साल थी। डिएगो जोटा के नाम 130 से ज्यादा गोल हैं। मौजूदा समय में वह लिवरपूल से खेल रहे थे।



# जीपीएफ गुमशुदा कटौत्रों के निराकरण के लिये भोपाल में विशेष शिविर 7 से 11 जुलाई तक

## तीनों कोषालयों में चलेगा जागरूकता और समाधान अभियान

**-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज-**

**भोपाल।** प्रधान महालेखाकार द्वितिय द्वारा भोपाल में सामान्य भविष्य निधि के गुमशुदा कटौत्रों से संबंधित समस्याओं के निराकरण और कर्मचारियों में जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से भोपाल के तीन प्रमुख कोषालयों- जिला कोषालय, विंध्याचल कोषालय एवं वल्लभ भवन कोषालय में 07 जुलाई से 11 जुलाई 2025 तक विशेष शिविर (कैंप) आयोजित किया जा रहा है। यह शिविर विंध्याचल भवन तृतीय तल यूनएडीपी हॉल में निर्धारित किया गया है।

महालेखाकार दल द्वारा शिविर में अभिदाताओं के समक्ष चर्चा कर समस्या का समाधान किया जायेगा। अभिदाताओं को विसंगतियों के समाधान के लिये वांछित दस्तावेज लाना होगा। यह शिविर सभी आहरण एवं संवितरण अधिकारियों के लिए भी महत्वपूर्ण है, क्योंकि इसके माध्यम से न केवल गुमशुदा जीपीएफ कटौत्रों की समस्याओं का समाधान होगा।, बल्कि भविष्य निधि से जुड़े अंतिम भुगतान प्रकरणों में बरती जाने वाली सावधानियों, आवश्यक प्रपत्रों, और पत्राचार की प्रक्रिया को लेकर भी मार्गदर्शन प्रदान किया जाएगा।

### प्रशासन की ओर से प्रभावी तैयारी

वरिष्ठ कोषालय अधिकारी वल्लभ भवन राजीव सिंह पवैया ने बताया कि सभी अधीनस्थ तीनों कोषालयों से समन्वय करते हुए प्रशासन ने नोडल अधिकारी की नियुक्ति, व्यापक प्रचार-प्रसार तथा सभी आहरण संवितरण अधिकारी को पंपलेट्स के माध्यम से जागरूक करने के निर्देश दिए हैं। शिविर स्थल पर कम से कम 150 अधिकारियों के बैठने की व्यवस्था, बिजली, पानी, लैपटॉप-प्रिंटर के लिए तकनीकी सुविधाएं और अन्य आवश्यक संसाधनों की व्यवस्था की जायेगी।

### कर्मचारियों के हित में एक सार्थक पहल

इस पहल का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि अधिक से अधिक कर्मचारी इस शिविर से लाभान्वित हों, जिससे उनके सामान्य भविष्य निधि खातों से जुड़ी समस्याओं का समय पर समाधान हो सके और भविष्य में ऐसी गड़बड़ियों से बचा जा सके।

सामान्य भविष्य निधि अंशदाताओं को सही समय पर और सटीक जानकारी मिलना, उनके आर्थिक अधिकारों की सुरक्षा की दिशा में एक बड़ी पहल है, जिसे सफल बनाने के लिए हर स्तर पर सहयोग और सक्रियता की आवश्यकता है।

श्री पवैया ने सभी संबंधित आहरण एवं संवितरण अधिकारियों से आग्रह किया गया है कि वे उक्त शिविर में अनिवार्य रूप से भाग लें, साथ ही अपने अधीनस्थ कर्मचारियों को भी इस संबंध में जागरूक करें।

# स्कूल सीरीजः यूपी-एमपी के शासकीय स्कूलों की जमीनी हकीकत उजागर कर रहा बुंदेलखंड 24×7

**-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज-**

**झाँसी।** उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश में फैले बुंदेलखंड क्षेत्र के शासकीय स्कूलों की वास्तविक स्थिति को सामने लाने के लिए क्षेत्र के नंबर वन डिजिटल न्यूज़ प्लेटफॉर्म ''बुंदेलखंड 24×7'' ने अपनी महत्वाकांक्षी स्कूल सीरीज की शुरुआत की है। गर्मी की छुट्टियों के बाद 15 जून से 01 जुलाई के बीच क्षेत्र के लगभग सभी स्कूलों के खुल चुके हैं, इसे ध्यान में रखते हुए इस सीरीज के तहत चैनल ने बुंदेलखंड के 14 जिलों, पन्ना, छतरपुर, निवाड़ी, सागर, झाँसी, बांदा, चित्रकूट, हमीरपुर, महोबा, दमोह, टीकमगढ़, ललितपुर, जालौन और दतिया के विभिन्न तहसीलों में स्थित शासकीय स्कूलों का गहन निरीक्षण करना शुरू कर दिया है।

''बुंदेलखंड 24×7'' की ग्राउंड जीरो टीम, स्कूलों की मौजूदा स्थिति को समझने के लिए न केवल स्कूलों का दौरा कर रही है, बल्कि अध्यापकों और बच्चों के साथ गहन चर्चा भी कर रही है। इस दौरान स्कूलों में अध्यापकों की संख्या, बुनियादी ढांचे की स्थिति, शैक्षिक संसाधनों की उपलब्धता और बच्चों की समस्याओं जैसे महत्वपूर्ण पहलुओं पर प्रकाश डाला जा रहा है। यह सिलसिला पूरे जुलाई माह तक जारी रहेगा, जिसमें चैनल का लक्ष्य दूर-दराज के इलाकों में बने स्कूलों को भी कवर करना है, ताकि ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के बीच शैक्षिक सुविधाओं की विषमता को उजागर किया जा सके।

इस पहल के पीछे ''चैनल के फाउंडर डॉ. अतुल मलिकराम'' का दृष्टिकोण स्पष्ट है। उन्होंने कहा, 'बुंदेलखंड जैसे क्षेत्र में शिक्षा की स्थिति को सुधारने के लिए पहले उसकी जमीनी हकीकत को समझना जरूरी है। हमारी स्कूल सीरीज का मकसद न केवल समस्याओं को उजागर करना है, बल्कि उन मुद्दों को प्रशासन और समाज के सामने लाना है, जिन्हें हल करके हम अपने बच्चों के भविष्य को बेहतर बना सकते हैं। ग्रामीण क्षेत्रों के स्कूलों में बुनियादी सुविधाओं की कमी और अध्यापकों की अपर्याप्त संख्या जैसे मुद्दों को नजरअंदाज नहीं किया जा




सकता। हमारा प्रयास है कि इन स्कूलों की कहानियां और वहां के बच्चों की आवाजें ज्यादा से ज्यादा लोगों के साथ-साथ शासन-प्रशासन तक भी पहुंचें।'

''चैनल के डायरेक्टर और प्रमुख आसिफ पटेल'' ने इस सीरीज के महत्व को समझाते हुए बताया, 'हमारी टीम बुंदेलखंड के हर कोने में जाकर स्कूलों की स्थिति का जायजा ले रही है। कई स्कूलों में हमें ऐसी कमियां दिखीं, जो बच्चों की पढ़ाई को प्रभावित कर रही हैं, जैसे कि कक्षाओं में बेंच-डेस्क की कमी, पीने के पानी की अनुपलब्धता, और कुछ जगहों पर तो बिजली और शौचालय जैसी बुनियादी सुविधाओं का भी अभाव है। इसके अलावा, कई स्कूलों में अध्यापकों की कमी एक बड़ी समस्या है, जिसके कारण एक शिक्षक को कई कक्षाओं को संभालना पड़ता है। हमारी यह सीरीज इन मुद्दों को न केवल उजागर करेगी, बल्कि नीति-निर्माताओं और प्रशासन को इनके समाधान के लिए प्रेरित भी करेगी।' इस सीरीज के तहत ''बुंदेलखंड 24×7'' स्थानीय समुदायों, अभिभावकों और शिक्षा विभाग के अधिकारियों से भी बातचीत कर रहा है, ताकि समस्याओं के कारणों और समाधानों को समझा जा सके। चैनल का लक्ष्य है कि इस पहल के माध्यम से बुंदेलखंड के शासकीय स्कूलों में शिक्षा की गुणवत्ता और बुनियादी ढांचे में सुधार के लिए ठोस कदम उठाए जाएं। इसके साथ ही, चैनल ने दर्शकों से अपील की है कि वे इस सीरीज को देखें और अपने आसपास के स्कूलों की स्थिति के बारे में जानकारी साझा करें, ताकि इस मुहिम को और व्यापक बनाया जा सके। पूरे जुलाई माह तक चलने वाली यह सीरीज न केवल शिक्षा के क्षेत्र में सुधार की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, बल्कि यह बुंदेलखंड के बच्चों के बेहतर भविष्य के लिए भी एक उम्मीद की किरण है।

# वंचित बच्चों के साथ मनाया जन्मदिन 'बदलाव लाना-मदद ही हमारा लक्ष्य है': तुषार पशिने सामाजिक कार्यकर्ता

**तुमसर।** हम ऐसी दुनिया की कल्पना नहीं कर सकते जहाँ हर साल एक दिन हमारे बारे में न हो! हम केक और उपहारों के बिना जन्मदिन की कल्पना नहीं कर सकते! लेकिन ज़रूरतमंद और भूखे गरीब बच्चों को भोजन उपलब्ध कराकर खुशियाँ बाँटना उत्सव को और भी ज़्यादा आनंदमय और खुशनुमा बना देता है! तुषार कमल पशिने द्वारा एक नई पहल की तलाश की गई, जिसमें कोई भी और हर कोई ज़रूरतमंदों और वंचितों के साथ अपने खास पलों का जश्न मना सकता है और अपने खास दिन को और भी यादगार बना सकता है! तुषार पशिने ने अपने बेटे देवांश (बाबा) पशिने का 4 था जन्मदिन लुंबिनी मतिमंद विशेष निवासी कर्मशाळा में मतिमंद दिव्यांग बच्चों के साथ मनाया जन्मदिन का केक काटा और कई मनोरंजक खेल भी खेले निम्नलिखित वस्तुएं वितरित की गईः- फ्रूट,बिस्कुट, रजिस्टर और पेन!

**35 वंचित बच्चों के साथ सफलतापूर्वक जन्मदिन का जश्न मनाया**

दानदाताओं को अपने विशेष दिनों को अधिक अनोखे और धर्मार्थ तरीके से मनाने के लिए जागरूक किया और आग्रह किया! परिवार के सदस्य बोले कि घर में तो हर कोई जन्मदिन मनाता ही है लेकिन जरूरतमंद बच्चों के साथ खुशियां बांटने का एक अलग आनंद है क्योंकि ये बच्चे भी चाहते हैं कि कोई उनके साथ अपनापन दिखाएं!



समाज के हर परिवार को इस तरह की पहल करनी चाहिए ताकि हर दिन यादगार तो बने ही साथ ही जरूरतमंद की सेवा भी हो सके! खास बात यह रही कि इस मौके पर परिवार के सभी लोग शामिल हुए! देवांश की मम्मी अंजलि पशिने ने बताया कि कि अब कि बार देवांश का जन्मदिन कुछ इस तरह मनाया जाए कि पुण्य भी हो जाए और मन को सुकून भी मिल! कार्यक्रम में तुषार पशिने (पापा), अंजलि पशिने (मम्मी), प्रियांश पसीने (भाई),कमल पशिने (दादाजी), आशा पशिने (दादी), ललित पशिने (दादाजी), स्कूल कर्मचारी ममता बांगरे, दिनेश देशभ्रतार, संतोष मारबते, नीता डेकवार, पौर्णिमा भुतांगे, कृष्णा रोकडे सभी लोग उपस्थित थे!

.........शेष पृष्ठ एक का

### दीपावली के बाद बहनों को हर महीने देंगे 1500 रुपए : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

स्कूल-कॉलेज, हॉस्टल सहित बच्चों की सुविधा से जुड़े निर्माण कार्यों का एक साथ लोकार्पण होगा। शासकीय स्कूलों के बच्चों को साइकिल, ड्रेस और किताबों का वितरण भी किया जाएगा। भागवत गीता से मध्यप्रदेश का संबंध है। वृंदावन ग्राम बनाकर भगवान श्रीकृष्ण-सुदामा की मित्रता को जीवंत करना है। बच्चे पढ़ाई करके कहीं भी जाएं, पर अपने गरीब मित्र को न भूलें। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि विपक्षी दल की सरकार के समय प्रदेश में बेटे-बेटियों के लिंगानुपात में बड़ा अंतर था। हमारी सरकार में लाड़ली बेटी जन्म से ही लखपति हो, इसकी शुरुआत मध्यप्रदेश से हुई। बेटियाँ जब 18 वर्ष की उम्र पूरी करेंगी, तो सरकार की ओर से उन्हें एक-एक लाख रुपए से अधिक राशि दी जाएगी। राज्य सरकार लाड़ली बहनों और स्व-सहायता समूहों की महिलाओं को और अधिक सशक्त करने के लिए कार्य कर रही है। पहले प्रदेश की प्रति व्यक्ति आय मात्र 11 हजार थी, लेकिन अब हमारी सरकार के प्रयासों से यह 1 लाख 52 हजार रुपए हो गई है। उन्होंने कहा कि रक्षाबंधन से पहले सभी पात्र बहनों को 250 रुपए की अतिरिक्त राशि शगुन के रूप में भेजी जाएगी। दीपावली के बाद हम प्रदेश की सभी लाडली बहनों को हर माह 1500 रुपए महीना देंगे। उन्होंने कहा कि बहन-बेटियों के हाथ में पैसा रहे तो घर ठीक से चलता है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि आदिवासियों के सम्मान और गरीबों के कल्याण के लिए सरकार लगातार प्रयास कर रही है। हमने रानी दुर्गावती और राजा भभूत सिंह की स्मृति में कैबिनेट की बैठक भी आयोजित की है। श्रीअन्न खरीदने पर किसानों को एक हजार रूपये प्रति क्विंटल अतिरिक्त राशि दी जा रही है। किसानों से 26 सौ रूपये प्रति क्विंटल में गेंहू की खरीद की गई जो देश में सर्वाधिक है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि हमारी सरकार ने 27 हजार करोड़ से अधिक की बजट राशि महिलाओं को समर्पित की है। लाड़ली बहना योजना के लिए 18 हजार करोड़ से अधिक का प्रावधान रखा है। आज प्रदेश में 51 लाख से अधिक लाड़ली बेटियां पंजीकृत हैं इनमें से 12 लाख 99 हजार बेटियों को 672 करोड़ की छात्रवृत्ति दी जा रही है। ग्रामीण क्षेत्रों में 62 लाख बहनों के 5 लाख स्व-सहायता समूहों को राज्य सरकार सशक्त करने के लिए धनराशि दे रही है। प्रदेश की बहनों को नगर पालिका, नगर निगम और पंचायत चुनावों में 50 प्रतिशत आरक्षण मिल रहा है। अगले लोकसभा और विधानसभा चुनावों में बहनों को 33 प्रतिशत सीटों पर आरक्षण का लाभ मिलेगा।

उन्होंने कहा कि महिलाओं को उनका हक दिलाने में हमने कोई कमी नहीं रखी है। हमारी सरकार में प्रदेश के 4 जिलों में महिला अधिकारी जिला कलेक्टर का दायित्व संभाल रही हैं। राज्य सरकार गरीब से गरीब के जीवन में सबेरा लाने का कार्य कर रही है। शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र में प्रधानमंत्री आवास के लाभ से वंचित पात्र हितग्राहियों की पहचान के लिए नए सिरे से सर्वे शुरू किया गया है। संपत्ति की रजिस्ट्री में एक प्रतिशत की छूट देने से आज 45 प्रतिशत रजिस्ट्री बहनों के नाम पर हो रही हैं। यह हमारी पहल का ही सुखद परिणाम है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि जनजातीय समुदाय के लिए राज्य सरकार नेक-नीयत और विशेष भावना से कल्याणकारी योजनाएं संचालित कर रही है। सिंगरौली की कुल आबादी में 39 प्रतिशत अनुसूचित जनजाति है, इनमें से 5 लाख को शासकीय योजनाओं का लाभ मिल रहा है। हमारी सरकार की भगवान बिरसा मुंडा स्वरोजगार योजना और टंट्या मामा आर्थिक कल्याण योजना से जनजातीय वर्ग को बड़ी मदद मिली है। प्रधानमंत्री जन-मन योजना, धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान का लाभ भी जनजातीय वर्ग को दिया जा रहा है। राज्य सरकार किसानों की आय बढ़ाने के लिए उन्हें फसलों का समुचित मूल्य देने के लिए संकल्पित है।



# शिखर धवन की आत्मकथा द वन की घोषणा

**बोले: क्रिकेट के मैदान की बात नहीं, इसमें उनके संघर्षों की पूरी कहानी**

**नईदिल्ली।** पूर्व भारतीय ओपनर शिखर धवन के जीवन पर उनकी आत्मकथा द वन आ रही है। उन्होंने इसकी घोषणा इंस्टाग्राम पर वीडियो पोस्ट करके दी। धवन ने न्यूज एजेंसी ANI को बताया कि मेरी किताब सिर्फ क्रिकेट के मैदान की बात नहीं करती। यह मेरे जीवन के उन पड़ावों, अनदेखे पलों, और मुश्किल दिनों की कहानी है, जब मुझे चोटों और चुनौतियों से जूझना पड़ा। यह किताब बताती है कि मैं आज जहां हूं, वहां तक कैसे पहुंचा। द वन में धवन के दिल्ली में बचपन से लेकर भारतीय जर्सी पहनने के सपने और वनडे क्रिकेट में भारत के सबसे शानदार ओपनर बनने तक का सफर शामिल है। किताब में उनके क्रिकेट करियर के शानदार पल तो होंगे ही, लेकिन इसमें उनकी निजी जिंदगी की चुनौतियां, चोटों का दर्द और क्रिकेट कमबैक की कहानियां भी होंगी।



### धवन तीनों फॉर्मेट से ले चुके हैं संन्यास

धवन क्रिकेट के सभी फॉर्मेट से संन्यास ले चुके हैं। उन्होंने इंस्टाग्राम पर भावुक पोस्ट के जरिए अपने शानदार करियर को अलविदा कहा था। धवन ने 167 वनडे मैचों में 44.1 की औसत से 6,793 रन बनाए, जिसमें 17 शतक और 39 अर्धशतक शामिल हैं। टेस्ट क्रिकेट में उन्होंने 34 मैचों में 40.6 की औसत से 2,315 रन बनाए, जिसमें 7 शतक और 5 अर्धशतक थे। टी20 में उन्होंने 68 मैचों में 1,759 रन बनाए। फर्स्ट क्लास क्रिकेट में उनके नाम 122 मैचों में 8,499 रन हैं।

# भारत का बांग्लादेश दौरा तय समय पर नहीं होगा

**सुरक्षा कारणों के चलते BCCI ने मना किया; BCB ने मीडिया राइट्स की बिक्री रोकी**

**ढाका/नई दिल्ली।** भारत का बांग्लादेश दौरा अब तय समय पर नहीं होगा। बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड ने भले ही आधिकारिक घोषणा नहीं की है, लेकिन भारत के खिलाफ अगले महीने होने वाली वनडे और ञ्ज20 सीरीज की तैयारियां रोक दी गई हैं। माना जा रहा है कि भारत और बांग्लादेश के बीच हाल ही में बिगड़े रिश्तों और सुरक्षा की वजह से यह फैसला लिया गया है।

बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड ने सीरीज के मीडिया राइट्स की बिक्री भी टाल दी है। पहले 7 जुलाई को टेक्निकल बोली और 10 जुलाई को फाइनेंशियल बोली होनी थी। लेकिन अब बोर्ड ने तय किया है कि वह पहले पाकिस्तान सीरीज (17-25 जुलाई) के लिए मीडिया राइट्स बेचेगा और फिर बाकी मैचों के लिए फैसला लेगा। एक हफ्ते पहले बीसीबी के अध्यक्ष अमीनुल इस्लाम ने कहा था कि दौरे में आने से पहले भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड को अपनी सरकार की मंजूरी का इंतजार है।



***BCCI ने भी मना किया, कोई तारीख तय नहीं***

क्रिकबज की रिपोर्ट के मुताबिक BCCI के एक अधिकारी ने बताया कि भारत ने अगस्त में दौरे के लिए मना कर दिया है। BCCI ने फिलहाल कोई पक्की तारीख नहीं दी है। हालांकि, अगले हफ्ते तक इस पर आधिकारिक बयान आ सकता है। सीरीज को बाद में आयोजित किए जाने की उम्मीद है। भारत सरकार ने मौजूदा हालात को देखते हुए BCCI को बांग्लादेश दौरे से बचने की सलाह दी है। हालांकि, यह सलाह सिर्फ द्विपक्षीय सीरीज के लिए है। बांग्लादेश में आए दिनों हिंसा के मामले हो रहे हैं। ऐसे में भारतीय टीम को बांग्लादेश भेजना सही नहीं हैं। 3 जून को भारत सरकार ने पाकिस्तान की हॉकी टीम को एशिया कप के लिए बिहार आने की अनुमति दी है, जो 29 अगस्त से 7 सितंबर तक राजगीर में होगा। ऐसे में एशिया कप में भारत-पाकिस्तान के मैच को लेकर संभावना बढ़ गई हैं।

## कार दुर्घटना में पुर्तगाली फुटबॉलर डिएगो जोटा की मौत

### टायर फटने से पलटी कार, आग लगी, दो हफ्ते पहले हुई थी शादी

**जमोरा।** 28 साल के पुर्तगाली फॉरवर्ड डिएगो जोटा का कार एक्सीडेंट में निधन हो गया। वह लिवरपूल से भी खेलते थे। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक पुर्तगाली सीमा के जमोरा प्रांत में उनके कार का एक्सीडेंट हो गया। डिएगो जोटा एक लेम्बोर्गिनी चला रहे थे। स्थानीय खबरों के अनुसार उनके कार का टायर फट गया। उनकी कार पलट गई और फिर उसमें आग लग गई। यह घटना गुरुवार की सुबह हुई। जोटा के साथ उनके छोटे भाई आंद्रे सिल्वा (26 वर्ष) भी गाड़ी में थे। वह भी एक पेशेवर फुटबॉलर थे और पुर्तगाली टीम स्न्रष्ट पेनाफिल के लिए खेलते थे। दोनों भाइयों की इस हादसे में मौत हो गई। जोटा की दो हफ्ते पहले ही शादी हुई थी। रिपोर्ट्स के अनुसार, स्पेन के जमोरा में स्थानीय फायर अधिकारियों ने बताया कि दो लोगों की मौत हो गई। मृतकों की उम्र 28 और 26 साल थी। डिएगो जोटा के नाम 130 से ज्यादा गोल हैं। मौजूदा समय में वह लिवरपूल से खेल रहे थे।



# शुभमन ने गावस्कर, तेंदुलकर और कोहली के रिकॉर्ड तोड़े

## इंग्लैंड में बेस्ट स्कोर, बतौर भारतीय कप्तान सबसे ज्यादा रन बनाए

**बर्मिंघम।** इंग्लैंड के खिलाफ बर्मिंघम टेस्ट में भारत ने 587 रन बना दिए। कप्तान शुभमन गिल ने 269 रन की पारी खेलकर सुनील गावस्कर, सचिन तेंदुलकर और विराट कोहली जैसे दिग्गजों के रिकॉर्ड तोड़े। वे सबसे बड़ा स्कोर बनाने वाले भारतीय कप्तान बने। वहीं भारत ने 18 साल बाद इंग्लैंड में 500 रन का आंकड़ा पार किया।

1. 25 की उम्र में 2 फॉर्मेट में दोहरे शतक

कप्तान शुभमन गिल ने बर्मिंघम में पहले दिन शतक लगाया, जिसे दूसरे दिन उन्होंने डबल सेंचुरी में बदल दिया। 25 साल के शुभमन 269 रन बनाकर आउट हुए। यह टेस्ट में उनका पहला ही दोहरा शतक रहा। वे 23 साल की उम्र में वनडे फॉर्मेट में भी डबल सेंचुरी लगा चुके हैं। शुभमन 2 अलग-अलग फॉर्मेट में दोहरा शतक लगाने वाले सबसे युवा प्लेयर बने। उन्होंने रोहित का रिकॉर्ड तोड़ा, जिन्होंने 32 साल की उम्र में दोनों फॉर्मेट में डबल सेंचुरी लगाई थी।

2. शुभमन ने इंग्लैंड में बेस्ट स्कोर बनाया

शुभमन इंग्लैंड में सबसे बड़ा स्कोर बनाने वाले भारतीय प्लेयर भी बने। उन्होंने सुनील गावस्कर का 46 साल पुराना रिकॉर्ड तोड़ा। गावस्कर ने 1979 में द ओवल के मैदान पर 221 रन बनाए थे। इन 2 के अलावा राहुल द्रविड़ ही 2002 में इंग्लैंड के मैदान पर दोहरा शतक लगा सके हैं।

3. एशिया के बाहर बेस्ट टेस्ट स्कोर बनाने वाले भारतीय

शुभमन एशिया के बाहर भी सबसे बड़ा स्कोर बनाने वाले भारतीय बने। उन्होंने सचिन तेंदुलकर का रिकॉर्ड तोड़ा, जिन्होंने 2004 में सिडनी के मैदान पर 241 रन बनाए थे।



4. भारतीय कप्तान का बेस्ट स्कोर

शुभमन की डबल सेंचुरी किसी भारतीय कप्तान का भी टेस्ट में बेस्ट स्कोर रहा। उन्होंने विराट कोहली का रिकॉर्ड तोड़ा, जिन्होंने 2019 में साउथ अफ्रीका के खिलाफ पुणे में 254 रन की नॉटआउट इनिंग खेली थी।

5. एशिया के बाहर बेस्ट स्कोर बनाने वाले एशियन कैप्टन

शुभमन एशिया के बाहर सबसे बड़ा स्कोर बनाने वाले एशियन प्लेयर भी बने। उन्होंने श्रीलंका के मारवान अटापट्टू का रिकॉर्ड तोड़ा, जिन्होंने 2004 में जिम्बाब्वे में 249 रन बनाए थे। विराट कोहली 2016 में वेस्टइंडीज के मैदान पर 200 रन बना चुके हैं।

# नवजोत सिद्धू ने की कैप्टन शुभमन की तारीफ

## बोले-प्रिंस से किंग का सफर तय किया, राजा वही है जो साम्राज्य की वृद्धि करे

**अमृतसर।** भारत और इंग्लैंड के बीच खेले गए दूसरे टेस्ट मैच में भारतीय कप्तान शुभमन गिल की 269 रनों की ऐतिहासिक पारी को लेकर पूर्व क्रिकेटर एवं कमेंटेटर नवजोत सिंह सिद्धू ने उनकी जमकर तारीफ की है। सिद्धू ने कहा कि शुभमन गिल ने न केवल कई रिकॉर्ड तोड़े, बल्कि एक नई जेनरेशन की स्थापना कर दी है।

सिद्धू ने कहा, शुभमन गिल एक सरप्राइज एलिमेंट की तरह रहे। लोगों का सोचना था कि पहले जब वह विदेश में खेलते थे तो अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाते थे। लेकिन अब वे उस दौर से बहुत आगे निकल चुके हैं। उन्होंने 'प्रिंस से किंग' का सफर तय किया है। राजा वही होता है जो साम्राज्य की वृद्धि करे। उन्होंने पहली बार टेस्ट मैच में खेलने और नई जिम्मेदारियों के साथ खेलने वाले खिला?ियों के लिए कहा- रत्न, नवरत्न सब बेकार हो गए। रंग लगे बॉलिंग के औजार हो गए और जो पहली बार उतरे थे पानी में, वे दरिया के पार हो गए। उन्होंने इंग्लैंड के खिलाफ इस पारी को भारतीय क्रिकेट इतिहास में अहम मोड़ बताते हुए कहा,



शुभमन गिल ने जडेजा के साथ 203 रन और सुंदर के साथ 103 रन की साझेदारी कर 300 से ज्यादा रन जोड़े गए। यह हैरान कर देने वाला था। सिद्धू ने आगे कहा, जब सारी दुनिया सोच रही थी कि वह नहीं कर सकता, तब शुभमन ने कर दिखाया। यह पहली बार हुआ कि कोई कप्तान खुद प्रदर्शन भी करे और नेतृत्व का पूरा भार उठाए। 270 रन बनाने के बाद उन्होंने कैच लेकर गेंदबाजी में भी असर डाला।

***आकाशदीप की गेंदबाजी ने लोहे के चने चबवाए***

उन्होंने आकाशदीप की गेंदबाजी की भी तारीफ करते हुए कहा कि, ÷जिस बॉलिंग लाइनअप पर पहले शक किया जा रहा था, उसने इंग्लैंड को लोहे के चने चबवा दिए। आकाशदीप की गेंदबाजी काबिले तारीफ रही। अंत में सिद्धू ने कहा, शुभमन गिल का आना शुभ संकेत है। उन्होंने 150 करोड़ हिंदुस्तानियों में जीत का विश्वास जगा दिया है। रत्न, नवरत्न सब पीछे रह गए। आज शुभमन ने दिखा दिया कि जो पानी में पहली बार उतरे, वे भी दरिया के पार जा सकते हैं।

## व्यापार

# बाजार को चढ़ाती-गिराती थी अमेरिकी फर्म

## SEBI ने बैन लगाया, 4,844 करोड़ रूपए की अवैध कमाई की; आम निवेशकों को नुकसान

**मुंबई, एजेंसी।** SEBI ने अमेरिकी ट्रेडिंग फर्म जेन स्ट्रीट ग्रुप और उससे जुड़ी 3 कंपनियों पर बैन लगा दिया है। अमेरिकी ट्रेडिंग फर्म पर इंडेक्स एक्सपायरी के दिन कीमतों में हेराफेरी करने का आरोप लगा है। SEBI ने 4,843.57 करोड़ रुपए की अवैध कमाई को जब्त करने का आदेश भी दिया है।

**इस पूरे मामले को सवाल-जवाब के जरिए समझते हैं:**

**सवाल 1: जेन स्ट्रीट ग्रुप क्या है?**

जवाब: जेन स्ट्रीट एक अमेरिकी ट्रेडिंग कंपनी है, जो हाई-टेक्नोलॉजी और मैथेमेटिकल मॉडल्स का इस्तेमाल करके शेयर बाजार में ट्रेडिंग करती है। ये कंपनी भारत में डेरिवेटिव्स मार्केट, खासकर बैंक निफ्टी और निफ्टी 50 इंडेक्स ऑप्शंस में बड़े पैमाने पर ट्रेड करती थी।

SEBI ने जेन स्ट्रीट के साथ JSI2 इनवेस्टमेंट्स प्राइवेट लिमिटेड, जेन स्ट्रीट सिंगापुर प्राइवेट लिमिटेड और जेन स्ट्रीट एशिया ट्रेडिंग लिमिटेड को शेयर मार्केट से बैन किया है।

**सवाल 2: SEBI ने जेन स्ट्रीट पर क्या आरोप लगाए हैं?**

जवाब: SEBI का कहना है कि जेन स्ट्रीट ने बैंक निफ्टी और निफ्टी 50 जैसे इंडेक्स की कीमतों को एक्सपायरी डे पर जानबूझकर प्रभावित किया। कंपनी ने दो मुख्य तरीकों का इस्तेमाल किया।

इंट्रा-डे इंडेक्स मैनिपुलेशन: सुबह जेन स्ट्रीट बड़ी मात्रा में बैंक निफ्टी के फ्यूचर्स और कैश मार्केट में शेयर खरीदती थी। उसी समय ये पुट ऑप्शंस बेच देती थी। पुट ऑप्शंस में इंडेक्स के गिरने पर मुनाफा मिलता है। दोपहर बाद ये उसी इंडेक्स के फ्यूचर्स को बड़े पैमाने पर बेच देती थी, जिससे इंडेक्स नीचे आ जाता था। इससे ऑप्शंस में फायदा होता था।

एक्सटेंडेड मार्किंग द क्लोज: एक्सपायरी के दिन ट्रेडिंग के आखिरी घंटों में जेन स्ट्रीट बड़ी मात्रा में खरीद-बिक्री करके इंडेक्स की क्लोजिंग को अपने फायदे के लिए प्रभावित करती थी। ये सब इतनी तेजी से होता था कि आम निवेशकों को भनक भी नहीं लगती थी।



**सवाल 3: ये हेराफेरी कैसे की जाती थी?**

जवाब: SEBI ने बताया कि 17 जनवरी 2024 की सुबह जेन स्ट्रीट ने पैच। (09:15:00 से 11:46:59 बजे) की बीच बैंक निफ्टी फ्यूचर्स और कैश सेगमेंट में 4,370 करोड़ रुपए की खरीदारी की। इससे बैंक निफ्टी इंडेक्स में तेजी आई और पुट ऑपशन्स की कीमत घट गई। अब जेन स्ट्रीट ने बैंक निफ्टी ऑप्शंस में 32,114.96 करोड़ रुपए की बेयरिश पोजिशन बनाई। उन्होंने सस्ते पुट ऑप्शंस खरीदे और महंगे कॉल ऑप्शंस बेचे।

दोपहर के बाद पैच। । (11:49 AM-15:30 PM) के बीच कंपनी ने पैच । में खरीदे गए बैंक निफ्टी के शेयरों और फ्यूचर्स में अपनी लगभग सारी नेट पोजिशन को बेच दिया। बिक्री इतनी आक्रामक थी कि इससे बैंक निफ्टी के शेयरों और इंडेक्स में गिरावट आई। जेन स्ट्रीट को इंट्रा-डे कैश और फ्यूचर्स मार्केट ट्रेडिंग में नुकसान हुआ।

लेकिन पुट ऑप्शंस की वैल्यू अब बढ़ चुकी थी। जेन स्ट्रीट ग्रुप अब बैंक निफ्टी इंडेक्स ऑप्शंस की बहुत बड़ी पोजिशंस (लॉन्ग पुट्स और शॉर्ट कॉल्स) से मुनाफा कमाया, जिसमें पैच ढ्ढ के दौरान बनाई गई पोजीशंस भी शामिल हैं। जेन ने कुछ पोजिशंस को बंद कर दिया और बाकी को मुनाफे के साथ एक्सपायर होने दिया। इंडेक्स ऑप्शंस में मुनाफा जेन स्ट्रीट के इंट्रा-डे कैश/फ्यूचर्स ट्रेडिंग में हुए नुकसान की भरपाई से कहीं ज्यादा था।

जेन स्ट्रीट ने ऑप्शंस में 735 करोड़ रुपए का मुनाफा कमाया, लेकिन कैश और फ्यूचर्स में 61.6 करोड़ रुपए का नुकसान हुआ। कुल मिलाकर, उस दिन कंपनी ने 673.4 करोड़ रुपए का शुद्ध मुनाफा कमा लिया। इस मैनिपुलेशन से बैंक निफ्टी की क्लोजिंग भी कमजोर रही।

**सवाल 4: कैश मार्केट, फ्यूचर और ऑप्शन्स क्या है?**

जवाब: कैश मार्केट में आप शेयरों को सीधे खरीदते या बेचते हैं, जैसे आप दुकान से सामान खरीदते हैं। इसमें आप जो शेयर खरीदते हैं, उनके लिए पूरी रकम तुरंत देनी होती है।

फ्यूचर: यह एक तरह का कॉन्ट्रैक्ट है, जिसमें आप वादा करते हैं कि भविष्य में किसी निश्चित तारीख पर कोई शेयर या इंडेक्स (जैसे बैंक निफ्टी) को एक तय कीमत पर खरीदेंगे या बेचेंगे।

यह कॉन्ट्रैक्ट एक निश्चित तारीख (एक्सपायरी) तक वैलिड होता है। इसमें आपको सौदे के समय पूरी रकम नहीं देनी पड़ती, सिर्फ मार्जिन (करीब 10-20%) देना होता है।

## भारत ने डब्ल्यूटीओ में वाहन शुल्क को लेकर अमेरिका पर जवाबी शुल्क लगाने का प्रस्ताव रखा

भारत ने शुक्रवार को डब्ल्यूटीओ (विश्व व्यापार संगठन) के मानदंडों के तहत अमेरिका के खिलाफ जवाबी शुल्क लगाने का प्रस्ताव रखा। अमेरिका ने सुरक्षा उपायों के नाम पर वाहन क्षेत्र पर शुल्क लगाए थे, जिसके जवाब में उक्त प्रस्ताव रखा गया। भारत के अनुरोध पर जारी डब्ल्यूटीओ की अधिसूचना के अनुसार, रियायतों या अन्य दायित्वों के प्रस्तावित निलंबन का रूप अमेरिका में उत्पादित चुनिंदा उत्पादों पर शुल्क में वृद्धि के रूप में होगा।



भारत ने डब्ल्यूटीओ के माल व्यापार परिषद को संगठन के कुछ प्रावधानों के तहत रियायतों और अन्य दायित्वों के अपने प्रस्तावित निलंबन के बारे में अधिसूचित किया है। इसमें कहा गया, यह अधिसूचना भारत से वाहन कलपुर्जे के आयात पर अमेरिका के सुरक्षा उपायों को बढ़ाने के संबंध में की गई है। अमेरिका ने इस साल 26 मार्च को यात्री वाहनों और हल्के ट्रकों तथा भारत से कुछ वाहन कलपुर्जों के आयात पर 25 प्रतिशत शुल्क वृद्धि के रूप में सुरक्षा उपाय अपनाया था। ये उपाय वाहन कलपुर्जों के संबंध में तीन मई, 2025 से असीमित अवधि के लिए लागू होंगे।

अमेरिका ने इन उपायों को डब्ल्यूटीओ को अधिसूचित नहीं किया है, लेकिन ये मुख्य रूप से सुरक्षा उपाय हैं। भारत ने कहा कि अमेरिका के उपाय गैट (व्यापार और शुल्क पर सामान्य समझौता) 1994 तथा सुरक्षा उपायों पर समझौते के अनुरूप नहीं हैं। बयान में कहा गया कि चूंकि इन शुल्क पर भारत से परामर्श नहीं हुआ है, इसलिए देश रियायतों या अन्य दायित्वों को निलंबित करने का अधिकार सुरक्षित रखता है।

# असम में निवेश के अवसर, चाय व्यापार, पर्यटन की संभावनाओं को न्यूयॉर्क में किया गया प्रदर्शित

**नई दिल्ली, एजेंसी।** असम के व्यापार और पर्यटन की संभावनाओं में निवेश के अवसरों को न्यूयॉर्क में उद्योग जगत के लोगों के समक्ष पेश किया गया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। इस दौरान असम चाय पर एक विशेष बी2बी (व्यापार से व्यापार) क्रेता-विक्रेता बैठक आयोजित की गई। अमेरिका के शहर न्यूयॉर्क में भारतीय वाणिज्य दूतावास ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर अपने आधिकारिक खाते पर दोनों कार्यक्रमों की मेजबानी करने की जानकारी दी।

उसने लिखा, '' न्यूयॉर्क में भारतीय वाणिज्य दूतावास ने असम में व्यापार एवं निवेश के अवसरों पर अमेरिका-भारत सामरिक साझेदारी मंच (यूएसआईएसपीएफ) के साथ गोलमेज सम्मेलन की मेजबानी की।'' अमेरिका-भारत सामरिक साझेदारी मंच, एक गैर-सरकारी संगठन है जो भारत और अमेरिका के बीच रणनीतिक साझेदारी बनाने की दिशा में काम कर रहा है। 'एक्स' पर दी जानकारी के अनुसार, असम के मुख्य सचिव रवि कोटा और महावाणिज्य दूत बिनया एस. प्रधान ने बैठक में उद्योग जगत के लोगों के साथ अपने विचार साझा किए।



इसमें कहा गया, '' कार्यक्रम में व्यापार, पर्यटन और निवेश में असम की अपार संभावनाओं पर बात की गई। इसमें शेफ विकास खन्ना को बैठक में शामिल होने और अपने विचार साझा करने के लिए धन्यवाद दिया गया।'' 'एक्स' पर जानकारी दी गई, '' असम चाय के 200 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रमों की श्रृंखला में न्यूयॉर्क में भारतीय वाणिज्य दूतावास ने अमेरिका के प्रमुख चाय खरीदारों के साथ असम चाय के प्रमुख उत्पादकों एवं आपूर्तिकर्ताओं के लिए बैठक आयोजित की।'' कोटा और वाणिज्य दूत (व्यापार) ने इस कार्यक्रम में हिस्सा लिया और असम चाय की विशेषताओं और विवरण की जानकारी दी।

भारतीय चाय संघ के सचिव अरिजीत राहा ने भारत-अमेरिका चाय व्यापार के ऐतिहासिक परिप्रेक्ष्य की जानकारी दी और सभी भारतीय चाय कंपनियों का परिचय कराया। उन्होंने 'एक्स' पर लिखा, '' चाय चखने के सत्र भी आयोजित किए गए, जहां चाय विशेषज्ञों ने उपस्थित लोगों को चाय के बारे में बताया...।

# एशिया प्रशांत के देशों के मुकाबले भारत पर अमेरिकी शुल्क कम रहने की उम्मीद: मूडीज

**नई दिल्ली, एजेंसी।** मूडीज रेटिंग्स ने बृहस्पतिवार को कहा कि एशिया प्रशांत क्षेत्र के कई देशों की तुलना में भारत पर अमेरिकी शुल्क कम रहने की संभावना है, जिससे अर्थव्यवस्था को और अधिक निवेश आकर्षित करने और वैश्विक विनिर्माण आधार बनने में मदद मिल सकती है। एशिया प्रशांत क्षेत्र के परिदृय अपने दृष्टिकोण में मूडीज रेटिंग्स ने कहा कि कई निर्यात-निर्भर एशिया प्रशांत अर्थव्यवस्थाएं अप्रैल में बहुत अधिक अमेरिकी शुल्क से प्रभावित हुईं। हालांकि, बातचीत से द्विपक्षीय आधार पर शुल्क और अन्य व्यापार बाधाओं में कुछ कमी आने की संभावना है, लेकिन नीति अनिश्चितता, निवेश निर्णयों को चुनौती दे रही है और व्यापार को बाधित कर रही है। इसने कहा कि व्यापार नीति के बारे में अनिश्चितता और वैश्विक व्यापार के संभावित बदलाव ने एशिया प्रशांत क्षेत्र में चक्रीय और संभवतः संरचनात्मक ऋण जोखिम बढ़ा दिए हैं।



मूडीज रेटिंग्स ने कहा कि चीन से बाहर निवेश और विनिर्माण के विविधीकरण से लाभान्वित होने वाली वियतनाम और कंबोडिया जैसी अर्थव्यवस्थायें अब उच्च अमेरिकी शुल्क का सामना कर रही हैं। ये अर्थव्यवस्थायें विशेष रूप से जोखिम में हैं। मूडीज रेटिंग्स ने कहा, '' कंबोडिया और वियतनाम जैसे देशों के उलट भारत को निवेश और व्यापार प्रवाह में एक शुल्क आधारित बदलाव का लाभ मिल सकता है। एशिया प्रशांत क्षेत्र (एपीएसी) में कई देशों की तुलना में भारत पर कम शुल्क रह सकता है, जो अर्थव्यवस्था को आगे निवेश प्रवाह को आकर्षित करने और एक वैश्विक विनिर्माण आधार के रूप में विकसित होने में मदद कर सकता है।''

## रुपया शुरुआती कारोबार में 21 पैसे की बढ़त के साथ 85.34 प्रति डॉलर पर

अमेरिका के साथ व्यापार सौदों की नई उम्मीदों के बीच रुपया समेत एशियाई मुद्राओं में मजबूती आने से घरेलू मुद्रा शुक्रवार को शुरुआती कारोबार में 21 पैसे मजबूत होकर 85.34 प्रति डॉलर पर पहुंच गई।



विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने वियतनाम के साथ व्यापार समझौते की घोषणा की है और इससे यह उम्मीद जगी है कि शुल्क बढ़ाने की नौ जुलाई की समयसीमा से पहले शायद इस तरह के और समझौते हो सकते हैं। आशावाद ने व्यापक एशियाई विदेशी मुद्रा धारणा को प्रभावित किया, जिससे रुपये को कुछ नई गति मिली। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया, डॉलर के मुकाबले 85.44 पर खुला। शुरुआती कारोबार में यह 85.34 प्रति डॉलर पर आ गया जो पिछले बंद भाव से 21 पैसे की बढ़त दर्शाता है। रुपये बृहस्पतिवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 85.55 पर बंद हुआ था। इस बीच, छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 0.20 प्रतिशत की गिरावट के साथ 96.98 पर आ गया।

# गुम हुये मोबाइल पाकर खिल उठे चेहरे

## - पुलिस की साइबर सेल ने गुम हुये मोबाइल खोजकर मोबाइल धारकों को सौंपे





**ग्वालियर।** ग्वालियर पुलिस की साइबर सेल ने जब गुम और चोरी हुये मोबाइल खोजकर मोबाइल धारकों को सौंपे तो उनकी खुशी का ठिकाना नहीं रहा। अपने खोये हुये मोबाइल को पाकर मोबाइल मालिकों का कहना था कि हमने सपने में भी नहीं सोचा था कि हमारा गुम हुआ मोबाइल मिलेगा। ग्वालियर पुलिस की साइबर सेल वास्तव में सराहनीय योग्य है। जिस कारण हमे हमारा मोबाइल मिल सका।

शुक्रवार को ग्वालियर पुलिस की साइबर सेल ने सीईआईआर पोर्टल के माध्यम से 01 करोड़ 30 लाख रूपये कीमत के 515 मोबाइल खोजकर उनके मालिकों को सौंपे। पुलिस की साइबर सेल ने जनवरी 25 से मार्च 25 तक गुम हुये 60 लाख 25 हजार रुपये कीमत के 252 मोबाइल एवं वर्ष 2024 में 4 करोड़ 24 लाख 5 हजार रुपये कीमत के 2092 मोबाइल खोजकर मोबाइल धारकों को सुपुर्द किये। गुरूवार को गुम हुये मोबाइलों को खोजकर जब एएसपी श्रीकृष्ण लालचंदानी ने साइबर सेल की टीम के साथ मोबाइल धारकों को सौंपे तो उनकी खुशी का ठिकाना नहीं रहा। गुम और चोरी हुये मोबाइल खोजकर जब पुलिस ने मोबाइल धारकों को सौंपे तो अपने खोये हुये मोबाइल को पाकर मोबाइल मालिकों का कहना था कि हमने सपने में भी नहीं सोचा था कि हमारा गुम हुआ मोबाइल मिलेगा। ग्वालियर पुलिस की साइबर सेल वास्तव में सराहनीय कार्य किया है। ग्वालियर पुलिस की साइबर सेल ने डीएसपी अपराध नागेन्द्र सिंह सिकरवार के कुशल मार्गदर्शन में प्रभारी सायबर सेल रजनी सिंह रघुवंशी की टीम को गुम और चोरी हुये मोबाइलों को खोजने के लिये लगाया था। सायबर सेल टीम ने आवेदनों की जांच के बाद त्वरित कार्यवाही करते हुए सीईआईआर पोर्टल के माध्यम से विभिन्न कम्पनियों के 515 मोबाइलों को ट्रेस कर बरामद किया गया। सायबर सेल की टीम ने माह अप्रैल-जून 2025 में लगभग 1 करोड़ 30 लाख रूपये कीमत के 515 मोबाइल बरामद किये। शुक्रवार को पुलिस ने उन नागरिकों को भी प्रोत्साहन हेतु प्रशस्ति पत्र प्रदान किये हैं जिन्होंने जागरुक नागरिक का कर्तव्य निर्वहन करते हुये लावारिस मिले मोबाइलों को सायबर सेल में आकर स्वयं जमा करा कर सराहनीय कार्य किया है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने सायबर सेल की टीम को सराहनीय कार्य हेतु पुरस्कृत करने की घोषणा की है।

# अन्य राज्यों के लिए परिवहन होता जंगल का लोह अयस्क पत्थर

## - स्वर्णरेखा नदी के आसपास वन क्षेत्र में निकल रहा है लोह अयस्क का विशेष मटेरियल

**ग्वालियर।** खैर की लकड़ी के लिए जिस तरह ग्वालियर अंचल में अंतर राज्यों का गिरोह सक्रिय होकर हरे भरे जंगल को निशाना बनाया था। ठीक उसी तरह एक महत्वपूर्ण लोह अयस्क धातु के लिए जंगल में एक नया गिरोह सक्रिय हो गया है और वह बड़ी भारी मात्रा में डंपर भरकर अन्य राज्यों के लिए तस्करी कर रहे हैं। खैरियत रही कि बीते दिनों से अच्छी खासी बारिश हो जाने से सक्रिय गिरोह के मसूबे परवान नहीं चढ़ सके और लोह अयस्क के लिए डंप किया 15 से 20 ट्रॉली मटेरियल अभी भी जंगल में ढेर के रूप में रखा हुआ है। हालांकि स्थानीय सूत्रों का कहना है कि इससे कहीं 10 गुना लोह अयस्क का पठार जंगल से पर हो चुका है ट्राली व डंपरों के माध्यम से अन्य राज्यों के लिए परिवहन होता है।

जी हां हम बात कर रहे हैं सोन चिरैया अभ्यारण के तिघरा रेंज व सब रेंज गेम सर्कल रायपुर तथा बीट रायपुर की। उक्त बीट के कक्ष क्रमांक 342 जंगल के अंदर एक दो नहीं बल्कि 10 से 12 ट्रॉली डंप करा हुआ मटेरियल रखा हुआ है। कोई देखने वाला नहीं है या फिर सब कुछ गेम सर्कल प्रभारी और बीट गार्ड की मिली भगत का खेल है। यह इस बात से भी अंदाजा लगाया जा सकता है कि यह लोह अयस्क का विशेष मटेरियल के रूप में जंगल का प्राकृतिक पत्थर उस एरिया से निकल रहा हैं जहां स्वर्ण रेखा नदी का आसपास का वन क्षेत्र है। और यहां करीब 50 हेक्टेयर में कैंपा के मद से बीते साल से पौधा रोपण का कार्य चल रहा है। फिर भी छोटे से लेकर बड़ा जिम्मेदार कथरी ओड़कर घी पी रहा है। हिंदुस्तान एक्सप्रेस की टीम ने स्थानीय ग्रामीणों की मदद से रायपुर डैम पहुंचकर जब ए की और बड़े तो लक्ष्मण मंदिर के पास ही एकाएक बैग ठहर गए और आंखों में वह देख लिया की जंगल में इतना भारी मात्रा में अजीब रंग का अजनबी पत्थर क्यों रखा हुआ है। तो ग्रामीणों ने बताया कि यह तो कुछ नहीं है, इससे ज्यादा पत्थर तो बीते माह डंपरों से परिवहन कर दिया गया है । यह पत्थर नए गांव पनिहार के लोह अयस्क क्रेशर से निकले हुए मटेरियल के साथ मिलकर राजस्थान गुजरात एवं उत्तर प्रदेश भेजा जाता है। क्योंकि इस पत्थर में लोहे की मात्रा ज्यादा है। स्वर्णरेखा नाले के आसपास एरिया में लोह अयस्क पत्थर का अभी एक दो माह से ही पता चला है। बाहरी अन्य राज्यों के व्यक्ति स्थानीय लोगों की मदद से पहले चिन्हित पत्थर का मिलान करके एक जगह डंप कर लिए जाते हैं और मौका पाकर डंपर या ट्रक भर कर यहां से खैर की लकड़ी की तरह परिवहन होते हैं।



# नाश्ते की दुकान पर हुई मुलाकात, फिर दोस्ती और 10 साल करता रहा शोषण

**ग्वालियर।** 10 साल पहले हुई दोस्ती के बाद 10 साल तक शोषण का शिकार हुई युवती ने अपने प्रेमी के खिलाफ दुष्कर्म का मामला दर्ज कराया है। युवक युवती की दोस्ती 1 अगस्त 2014 को नए नाश्ते की दुकान पर हुई थी और 24 अगस्त को युवक ने मां से मिलवाने के नाम पर घर बुलाकर युवती से दुष्कर्म किया। वह 10 साल तक शादी का झांसा देकर युवती का शोषण करता रहा और 19 फरवरी 2024 को युवती से शादी करने से इंकार कर दिया। शोषण का शिकार हुई युवती बहोड़ापुर थाना पहुंची और आरोपी बंटी उर्फ ज्ञानचन्द्र अग्रवाल के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई। पुलिस आरोपी की तलाश कर रही है।

एक 34 वर्षीय युवती ने बहोड़ापुर थाना पुलिस को शिकायत कर बताया है कि दस साल पहले 1 अगस्त 2014 को वह नाश्ता लेने के लिए बहोड़ापुर में एक दुकान पर आई थी, वहां नारायण कॉलोनी बहोड़ापुर निवासी बंटी उर्फ ज्ञानचन्द्र अग्रवाल भी आया था। दुकान पर हुई पहचान जल्द ही दोस्ती में बदल गई। दोनों में फोन पर बात होने लगी। बंटी ने 24 अगस्त को अपनी मां से मिलवाने के लिए उसे घर बुलाया, लेकिन उस समय घर पर मां नहीं थी। बंटी ने कहा कि मां आ रही है, तब तक ठंडा पिओ। बंटी ने उसे फ्रूटी दी, जिसे पीते ही वह अचेत हो गई। युवती ने बताया कि जूस पीने के बाद उसे कुछ याद नहीं है, लेकिन जब होश आया तो वह रूम में थी और शरीर पर कपड़े नहीं थे। उसे समझते हुए देर नहीं लगी कि उसके साथ गलत हुआ है। इसी समय बंटी भी कमरे में आ गया। युवती ने नाराजगी व्यक्त की, तो वह माफी मांगने लगा और कहने लगा कि वह उससे जल्द ही शादी करेगा। किसी तरह बंटी ने उसे शांत रहने के लिए मना लिया और शादी का वादा कर बंटी ने उसके साथ 10 साल तक शारीरिक शोषण किया। 19 फरवरी 2024 को बंटी फिर से युवती को अपने घर ले गया और दुष्कर्म किया। जब युवती ने शादी के लिए कहा तो बंटी का कहना था कि हम आज आखिरी बार मिल रहे हैं। अब मेरे संबंध किसी और महिला से हो गए हैं, इसलिए मैं तुमसे शादी भी नहीं कर सकता। इसके बाद भी युवती करीब 17 माह तक बंटी को शादी के लिए मनाती रही। जब बंटी ने युवती को लिफ्ट देना बंद कर दिया, तो परेशान युवती बहोड़ापुर थाने पहुंची और पुलिस को एक शिकायती आवेदन दिया। जिसकी जांच के बाद पुलिस ने आरोपी बंटी के खिलाफ मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।

# अचलेश्वर मंदिर के पास सड़क पर लावारिस सूटकेस मिलने से मचा हडकंप

**ग्वालियर।** शुक्रवार को अचलेश्वर मंदिर के पास सड़क किनारे पड़े एक सूटकेस से हड़कंप मच गया। लावारिस व संदिग्ध सूटकेस मिलने की सूचना स्थानीय लोगों ने पुलिस कन्ट्रोल रूम को दी गई। साथ ही सूटकेस में बम होने की आशंका व्यक्त की गई थी। लावारिस सूटकेस पड़े होने की जानकारी मिलते ही इंदरगंज थाना पुलिस और बम डिस्पोजल स्कॉड मौके पर पहुंचा। बीडीएस ने जब सूटकेस को डिटेक्टर से चेक किया तो उसमे बम होने की पुष्टि नहीं हुई है। जब सूटकेस को खोला गया तो उसमें कुर्ता-पायजामा निकला। सूटकेस खुलने के बाद लोगों ने राहत की सांस ली।

शुक्रवार दोपहर 2 बजे ग्वालियर पुलिस कंट्रोल को राहगीरों के द्वारा सूचना मिली थी कि अचलेश्वर मंदिर के पास बने चौराहे पर सड़क किनारे काफी देर से एक लावारिस और संदिग्ध सूटकेस रखा हुआ है। जिसमें बम भी हो सकता है। इसकी सूचना मिलने पर पुलिस कंट्रोल रूम ने तत्काल संबंधित पुलिस थाना कंपू और बम निरोधक दस्ते को इसकी सूचना देकर मौके पर पहुंचाया। बीडीएस की टीम ने लावारिस सूटकेस के पास भीड़ लगाकर खड़े लोगों को दूर कर सुरक्षित स्थान पर रहने को कहा। इसके बाद बम निरोधक टीम ने अपनी सुरक्षा व्यवस्था के इंतजाम करने के बाद बम को डिटेक्ट करने वाले उपकरणों से सूटकेस की जांच पड़ताल की। जब टीम को जांच पड़ताल के दौरान सूटकेस में बम नहीं होने का एहसास हुआ तो उसे सुरक्षित उठाकर खोला गया। सूटकेस में बम नहीं बल्कि कपड़े रखे हुए थे। इसके बाद आसपास के लोगों के साथ-साथ पुलिस और बम निरोधक दस्ते ने राहत की सांस ली और पुलिस ने सूटकेस को कपड़े सहित निगरानी में लिया है। अब पुलिस इस मामले में सीसीटीव्ही कैमरे खंगाल रही है कि यह सूटकेस आखिरकार यहां कैसे आया है। पुलिस आसपास लगे सीसीटीव्ही कैमरों में देख रही है कि सूटकेस कब से यहां पड़ा था और उसे कौन यहां छोड़कर गया है। फिलहाल पुलिस को कोई स्पष्ट फुटेज नहीं मिला है। इस मामले में सीएसपी रॉबिन जैन का कहना है कि एक लावारिस सूटकेस अचलेश्वर मंदिर के पास मिला था। सूटकेस को खोलने से पहले सुरक्षा के तौर पर बीडीएस की टीम से भी जांच कराई गई है। सूटकेस में कुर्ता-पायजामा निकला है। आशंका है कि किसी ने यहां सूटकेस छोड़ा है।



# शातिर बदमाश पकड़ा, दो चोरी की भैंसें बरामद

**ग्वालियर।** डबरा की देहात थाना पुलिस ने एक शातिर भैंस चोर का गिरफ्तार कर उससे दो चोरी की भैंसें बरामद की है। पुलिस की गिरफ्त में आये चोर पर थाना डबरा सिटी व थाना करहिया में हत्या का प्रयास, लूट, चोरी, आर्म्स एक्ट, मारपीट के कुल 5 अपराध दर्ज है। पुलिस चोर से पूछताछ कर रही है।

थाना प्रभारी डबरा देहात सुधाकर सिंह तोमर ने बताया कि एक जुलाई को थाना क्षेत्र में भैंस चोरी हुई थी। पुलिस ने मामले की जांच शुरू की तो पुलिस को जरिये मुखबिर सूचना मिली कि कंचनपुर मगरौरा रोड़ गंगाबाग पर एक संदिग्ध व्यक्ति दो भैंस लिए उन्हें कहीं बेचने के लिये ले जा रहा है। सूचना मिलते ही पुलिस की टीम ने मौके पर पहुंचकर संदिग्ध को हिरासत में लेकर जब उससे पूछताछ की तो उसने स्वयं को ग्राम ईंटमा थाना करहिया हाल महावीरपुरा डबरा का रहने वाला बताया। पकड़े गये संदिग्ध से जब पुलिस ने उसके पास मिली भैंसों के संबंध में पूछताछ की तो उसने बताया कि उसने दोनों भैंसें छोले की दफाई में नहर के पास से चोरी करना स्वीकार किया। पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लेकर जब जांच शुरू की तो पुलिस को पता चला कि पुलिस की गिरफ्त में आये बदमाश पर थाना डबरा सिटी व थाना करहिया में हत्या का प्रयास, लूट, चोरी, आर्म्स एक्ट, मारपीट के कुल 05 अपराध पंजीबद्ध हैं। गौरतलब है कि एक जुलाई को मनीराम आदिवासी व उसके भांजे रवि की दो भैंसों को आरोपी ने उस समय चोरी की थी जब वह भैंस चराने के लिये नहर पर ले गये थे।

# रंगदारी करने निकला युवक अपने ही कट्टे से गोली लगने से घायल

## - पुलिस ने किया युवक पर मामला दर्ज

**ग्वालियर।** कमर में कट्टा खुरसकर रंगदारी करने निकला युवक अपने ही कट्टे से चली गोली से घायल हो गया। युवक ने कट्टा कमर में खुर्स रखा था, जिसे निकालते समय ट्रिगर दब गया और गोली चल गई। कट्टे से निकली गोली बदमाश की कमर में लगी और पेट को चीरते हुए बाहर निकल गई। घटना गुरुवार को उपनगर मुरार के मोहनपुर पुल के पास हुई। घायल युवक को उसके परिजन तत्काल उपचार के लिये जिला अस्पताल लेकर पहुंचे। गोली लगने की सूचना मिलते ही मुरार थाना पुलिस भी अस्पताल पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी है।



मामले की जांच करते हुये मुरार पुलिस जब अस्पताल में पहुंची और घायल से पूछताछ की तो उसने पहले किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा गोली चलाने की बात पुलिस को बताई। लेकिन जब पुलिस ने डॉक्टरों से चर्चा की तो डाक्टरों ने बताया कि घाव बेहद करीब से मारी गई गोली का है और गोली का एंगल कमर से ऊपर की ओर है, तो पुलिस ने दोबारा घायल सख्ती से पूछताछ की। इस पर युवक ने सच्चाई स्वीकार कर ली। घायल युवक की पहचान गौतम यादव (24) निवासी सौंसा उटीला के रूप में हुई है। उसने पुलिस को बताया कि उसने कट्टा कमर में खुर्स रखा था। जब वह उसे निकालने लगा तो गलती से ट्रिगर दब गया और गोली चल गई। पुलिस ने मौके से कट्टा बरामद कर लिया है। मुरार थाना पुलिस ने घायल गौतम यादव के खिलाफ अवैध हथियार रखने और लापरवाही से फायरिंग करने का केस दर्ज किया है। मुरार थाना पुलिस के अनुसार, युवक की खुद की गलती से गोली लगी है। जांच में साफहुआ है कि गोली युवक के पास रख कट्टे से ही चली है, जिसे वह कमर में खुर्से हुए था। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# चेतकपुरी सड़क निर्माण में लापरवाही पड़ी भारी, दो कार्यपालन यंत्री निलंबित

**ग्वालियर।** नवनिर्मित चेतकपुरी सड़क धसकने की घटना को गंभीरता से लिया गया है। जिले के प्रभारी एवं जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट के निर्देश पर इस सड़क निर्माण से जुड़े दो कार्यपालन यंत्रियों को निलंबित कर दिया गया है। निगम आयुक्त संघ प्रिय ने सड़क पर्यवेक्षण में इन दोनों की लापरवाही सामने आने पर इनके निलंबन के पृथक-पृथक आदेश जारी किए हैं।

प्रभारी मंत्री श्री सिलावट द्वारा शुक्रवार को ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर के साथ शहर की सड़कों का निरीक्षण किया गया। इस दौरान शहरवासियों ने प्रमुखता के साथ चेतकपुरी सड़क धसकने की ओर ध्यान आकर्षित किया था। इसे प्रभारी मंत्री ने विशेष गंभीरता से लिया और संबंधित तकनीकी अधिकारियों के खिलाफसख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए। इसी परिपालन में निगम आयुक्त संघ प्रिय ने सड़क निर्माण में लापरवाही बरतने वाले प्रभारी कार्यपालन यंत्री पीआईयू नगर निगम पवन सिंघल एवं प्रभारी कार्यपालन यंत्री सुरेश अहिरवार को निलंबित कर दिया है। निलंबन आदेश में स्पष्ट किया गया है कि इन दोनों तकनीकी अधिकारियों द्वारा अनुबंधित ठेकेदार द्वारा किए गए सड़क निर्माण के पर्यवेक्षण में लापरवाही बरती है। इस कारण ठेकेदार द्वारा मानक अनुसार सड़क निर्माण नहीं किया गया। दोनों तकनीकी अधिकारियों का यह कृत्य सौंपे गए दायित्वों के प्रति गंभीर लापरवाही को प्रदर्शित करता है। यह मध्यप्रदेश सिविल सेवा आचरण नियम के प्रावधानों का स्पष्ट उल्लंघन है। निगम आय श्री संघ प्रिय ने मध्यप्रदेश नगर पालिक अधिनियम की धारा-58 के तहत एवं मेयर इन काउंसिल की स्वीकृति की प्रत्यशा में अलग-अलग निलंबन आदेश जारी किए गए हैं।

# ठोस अपशिष्ट प्रबंधन शुल्क, उपभोक्ता प्रभार, गार्वेज शुल्क पूर्व की भांति यथावत रहेगा

## - मेयर इन काउंसिल की बैठक में लिए गए अनेक निर्णय

**ग्वालियर।** 2025-26 में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन शुल्क, उपभोक्ता प्रभार, गार्वेज शुल्क पूर्व की भांति यथावत रहेगा। वहीं ग्वालियर डिवीजन क्रिकेट एसोसिएशन को लीज पर आवंटित रूप सिंह स्टेडियम की भूमि लीज नवीनीकरण की स्वीकृति के लिये निगमायुक्त के प्रस्ताव को एमआईसी ने वापिस कर दिया है। शुक्रवार को महापौर डॉ. शोभा सतीश सिंह सिकरवार की अध्यक्षता में एमआईसी की बैठक आयोजित की गई। बैठक में कई बिंदुओं पर चर्चा हुई।

बैठक के दौरान एमआईसी ने 2025-26 में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन शुल्क, उपभोक्ता प्रभार, गार्वेज शुल्क के युक्तियुक्तकरण बाबत प्राप्त निगमायुक्त के प्रतिवेदन पर चर्चा उपरांत निजी आवास की दरों को यथावत रखा। वहीं ग्वालियर डिवीजन क्रिकेट एसोसिएशन को लीज पर आवंटित रूप सिंह स्टेडियम की भूमि लीज नवीनीकरण की स्वीकृति के लिये निगमायुक्त के प्रस्ताव को एमआईसी ने वापिस कर दिया है। बैठक में पवन सिंघल सहायक यंत्री को विदेश यात्रा पर जाने की अनुमति प्रदान किये जाने के सम्बन्ध में प्राप्त निगमायुक्त का प्रतिवेदन पर चर्चा उपरांत पुष्टि की गई। बैठक में वाहन किराया प्रकरण में म्याद वृद्धि एवं अतिरिक्त व्यय स्वीकृति के सम्बन्ध में प्राप्त निगमायुक्त के प्रतिवेदन पर चर्चा उपरांत स्वीकृति प्रदान की गई। बैठक में नगर निगम ग्वालियर में अभिभाषक पैनल में निगम की ओर से पैरवी किये जाने हेतु अभिभाषकों को सम्मिलित किये जाने हेतु निगमायुक्त के प्रतिवेदन पर चर्चा उपरांत मेयर इन काउंसिल के सदस्य अवधेश कौरव के द्वारा नये अभिभाषकों को शामिल करने की चर्चा की, जिस पर अभिभाषकों के पैनल में सभी अभिभाषकों को शामिल करते हुए प्रस्ताव को स्वीकृति प्रदान की गई। बैठक में बैम्बू रेस्टोरेंट मासिक शुल्क पर आवंटन की स्वीकृति के संबंध में निगमायुक्त के प्रतिवेदन पर चर्चा उपरांत प्रकरण को स्वीकृति प्रदान की गई। बैठक में मेयर इन काउंसिल सदस्य अवधेश कौरव, नाथूराम ठेकेदार, विनोद यादव माठू, श्रीमती गायत्री सुधीर मंडेलिया, श्रीमती प्रेमलता धर्मेन्द्र जैन, शकील मंसूरी, निगम आयुक्त संघ प्रिय, अपर आयुक्त विजयराज, अनिल दुबे, कार्यपालन यंत्री सुरेश अहिरवार उपस्थित थे।




# स्वैच्छिकता पर्व के रूप में मना जन अभियान परिषद का स्थापना दिवस

**ग्वालियर।** मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद का स्थापना दिवस सम्पूर्ण मध्यप्रदेश के साथ ग्वालियर जिले में भी स्वैच्छिकता पर्व के रूप में मनाया गया। कार्यक्रम में सर्वप्रथम स्वामी विवेकानंद जी के चित्र पर दीप प्रज्वलन एवं माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एडिशनल कलेक्टर देवकीनंदन सिंह, अध्यक्षता परिषद की शासी निकाय के सदस्य शशिदत्त गंगरानी ने की। विशिष्ट अतिथि संभाग समन्वयक सुशील बरुआ रहे।

कार्यक्रम का आयोजन जिला समन्वयक धर्मेन्द्र कुमार दीक्षित ने किया। सहयोग बरिष्ठ समाजसेवी हरिओम गौतम और विनोद शर्मा विकासखण्ड समन्वयक घाटीगांव ने किया। कार्यक्रम का संचालन विकासखण्ड समन्वयक भितरवार मनोज दुबे ने किया। अतिथियों का स्वागत फूलमालाओं के साथ तुलसी के पौधा भेंट कर किया गया। कार्यक्रम में स्वागत भाषण एवं रूपरेखा संभाग समन्वयक सुशील बरुआ ने बताई। परिषद की स्थापना और शासन तथा समाज के बीच विभिन्न दायित्वों पर एडिशनल कलेक्टर श्री देवकीनंदन सिंह ने प्रकाश डाला और परिषद की कार्य गतिविधियों को विस्तार पूर्वक बताया, परिषद की शासी निकाय के सदस्य शशिदत्त गंगरानी ने मुख्यमंत्री के संदेश का वाचन किया और स्वैच्छिकता पर्व पर उपस्थित लोगों को संकल्प भी दिलाया। कार्यक्रम में परिषद के उपाध्यक्ष का उद्बोधन प्रोजेक्टर के माध्यम से कराया गया।

अंत में प्रमाण पत्र वितरित कर उपस्थित अतिथियों द्वारा नवांकुर प्रस्फुटन समितियों, मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास कार्यक्रम के मेंटर्स एवं छात्र-छात्राओं स्वयं सेवी संस्थाओं के उपस्थित पदाधिकारियों का आभार जिला समन्वयक ग्वालियर धर्मेन्द्र कुमार दीक्षित ने व्यक्त किया। जिला कार्यालय ग्वालियर की टीम में उमेश रत्नाकर, ललिता गुप्ता, पवन कुशवाह तथा रमन शिक्षा प्रसार समिति के पदाधिकारियों ने व्यवस्था में सहयोग किया।



## मीडिएशन फॉर द नेशन कैंपेन के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए प्रधान जिला न्यायाधीश ने ली बैठक

ग्वालियर। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली के निर्देश एवं मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के मार्गदर्शन में ष्मीडिएशन फॉर द नेशन कैंपेनष् का आयोजन एक जुलाई से 30 सितंबर 2025 तक प्रदेशभर में किया जा रहा है। इस 90 दिवसीय अभियान के सफल क्रियान्वयन हेतु जिला न्यायालय ग्वालियर में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। जिला न्यायालय ग्वालियर के प्रधान जिला न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष श्री ललित किशोर ने कैंपेन को सफल बनाने के उद्देश्य से जिला मुख्यालय, कुटुंब न्यायालय ग्वालियर तथा तहसील मुख्यालय डबरा एवं भितरवार के न्यायाधीशों के साथ बैठक की। बैठक के दौरान प्रधान न्यायाधीश श्री ललित किशोर ने यह भी कहा कि मीडिएशन एक प्रभावशाली वैकल्पिक विवाद निपटान का ऐसा माध्यम है, जिससे पक्षकारों को शीघ्र, सहज एवं सौहार्दपूर्ण समाधान प्राप्त होता है।



## दृष्टिबाधित दिव्यांग लैपटॉप पाकर झूम उठे

**ग्वालियर ।** मुख्यमंत्री निःशक्त शिक्षा प्रोत्साहन योजना के अंतर्गत ग्वालियर जिले के 11 दृष्टिबाधित दिव्यांग विद्यार्थियों को शुक्रवार को लैपटॉप प्रदान किए गए। जैसे ही इन विद्यार्थियों को लैपटॉप सौंपे गए, उनके चेहरे खुशी से खिल उठे। यह पहल न केवल उन्हें तकनीकी रूप से सशक्त बनाएगी, बल्कि उनकी शैक्षणिक यात्रा को भी सरल और समर्थ बनाएगी। राज्य शासन की ओर से आयोजित कार्यक्रम में प्रभारी संयुक्त संचालक, सामाजिक न्याय एवं संयुक्त कलेक्टर डी. एन. सिंह ने इन विद्यार्थियों को लैपटॉप वितरित किए। उन्होंने कहा कि सरकार का उद्देश्य दिव्यांगजनों को समान अवसर प्रदान कर उन्हें मुख्यधारा से जोड़ना है। जिन विद्यार्थियों को लैपटॉप प्रदान किए गए, उनमें जितेन्द्र कुशवाह (पुत्र तुलाराम), मनोज (पुत्र मूलचंद्र कोली), श्रीराम निबोरिया (पुत्र कालीचरण), ब्रजेश पाल (पुत्र भरोसी पाल), विवेक वर्मा (पुत्र मथुरा प्रसाद), रंजीत (पुत्र विजय यादव), श्रीराम सेवक (पुत्र निहाल कुशवाह), विनोद पाल (पुत्र घनश्याम), राजनेश (पुत्र रामजी लाल), जितेन्द्र कुशवाह (पुत्र तुलाराम) और भीकम सिंह (पुत्र महेश) शामिल हैं।



# कुशवाह समाज के लोगों ने हाईवे पर लगाया जाम

## पुलिस ने अश्रु गैस के गोले छोड़े, लाठीचार्ज किया

-हिन्दुस्तान एक्सप्रेसन्यूज-

**मुरैना।** कुशवाह समाज के लोगों ने शुक्रवार को न्यू कलेक्ट्रेट के सामने हाईवे पर जाम लगा दिया। कुशवाह समाज के लोग यहां पर जिला प्रशासन को ज्ञापन देने आये थे। उनका आरोप था कि जौरा विधायक ने हमारे एक स्वजातीय बंधु की जमीन पर कब्जा किया है। वहीं मुरैना में कुशवाह समाज के व्यक्ति पर कुछ लोगों ने हमला किया, इनकी गिरफ्तारी अविलंब की जाए। लोगों ने जौरा विधायक पर गंभीर आरोप लगाए। हजारों लोगों ने कलेक्ट्रेट के सामने आगरा-मुंबई हाईवे पर ट्रैक्टर-ट्रॉलियां लगाकर चक्काजाम कर दिया। इस पर हुए विवाद के बाद पुलिस ने आंसू गैस के गोले छोड़े और लाठियां भी बरसाई। मौके पर पथराव भी हुआ जिसमें पुलिसकर्मियों सहित



कई लोगों के घायल होने की सूचना है।

कुशवाह समाज के एक ग्रामीण पर हुए जानलेवा हमले, जौरा विधायक पर समाज के ही व्यक्ति की जमीन हड़पने के मामले में लोग कलेक्ट्रेट का घेराव करने आए थे। कुशवाह समाज के इन लोगों ने दोपहर 12.30 बजे से 2.30 बजे तक ढाई घंटे हाईवे पर चक्काजाम कर दिया।

कलेक्टर अंकित अस्थाना व पुलिस अधीक्षक समीर सौरभ को ज्ञापन देने के बाद भी भीड़ हाईवे से हटने को तैयार नहीं हुई। पुलिस ने जब बलपूर्वक भीड़ को हटाने की कोशिश की तो भीड़ में शामिल कुछ लोगों ने पथराव कर दिया, जिसके बाद पुलिस को बलप्रयोग करना पड़ा। पुलिस ने भीड़ को तितर-बितर करने के लिए जहां आंसू गैस के गोले छोड़े वहीं लाठियां भी भांजी। दोपहर 2 बजे से चार बजे तक चले इस हंगामे के दौरान हाईवे, न्यू हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी व बैरियर चौराहा क्षेत्र की दुकानें बंद हो गईं।

## मुरैना शहरी क्षेत्र के वार्ड क्र. 36, 40, 41 27 में भ्रमण कर मलेरिया के लार्वा को नष्ट करने की जानकारी दी

-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज-

**मुरैना।** राष्ट्रीय वाहक जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत कलेक्टर अंकित अस्थाना के निर्देशानुसार मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. पदमेश उपाध्याय के मार्गदर्शन में शुक्रवार को मुरैना शहरी क्षेत्र के वार्ड नंबर 36 संजय कॉलोनी, न्यू हाउसिंग वार्ड 46, गोपालपुरा वार्ड 41, आमपुरा वार्ड 41 एवं रामनगर वार्ड 27 में स्वास्थ्य विभाग द्वारा मुरैना शहरी क्षेत्रो के वार्डो में कुल 579 घरां का सर्वे किया गया। जिसमें से 31 घरों में लार्वा मिला। कुल 1428 कंटेनर चेक किये, जिसमें से 38 कंटेनरो में लार्वा मिला। उन सभी कंटेनरो को खाली एवं बी.टी.आई. 5 प्रतिशत ए.एस., टेमिफोस 2 प्रतिशत का छिड़काव किया गया।

मलेरिया, डेंगू व चिकुनगुनिया की रोकथाम के लिए मलेरिया की जांच लार्वा सर्वे एवं लार्वा विनिष्टीकरण का कार्य, वार्डो में निवास कर रहे जनसमुदाय को समझाईश दी गई।

# हत्या के प्रयास संबंधी प्रकरण में वांछित आरोपी गिरफ्तार

-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज-

**मुरैना।** दिनांक 02.07.25 को फरियादी धर्मेन्द्र प्रजापति निवासी ग्राम जखौनागढ़ी द्वारा रिपोर्ट की गई कि मैं अपने पिता के साथ ई-रिक्शा से अपनी रिश्तेदारी ग्राम ज्वालापुरा से मुरैना जा रहा था, तभी रास्ते में पुरानी रंजिश के चलते मेरे चचेरे 02 भाईयों ने नगरा बिचौली रोड पर ई-रिक्शा को रोककर मेरे पिता पर जान से मारने की नीयत से कट्टे से फायर किया एवं लाठी से मारपीट की फरियादी द्वारा की गई। रिपोर्ट पर से 02 नामजद आरोपियों के विरुद्ध अपराध क्रमांक 99/25 धारा 109,126 (2) 115 (2).296.3(5) बीएनएस मामला पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया था



पुलिस अधीक्षक मुरैना द्वारा घटना की गंभीरता एवं संवेदनशीलता को दृष्टिगत रखते प्रकरण में फरारशुदा आरोपीगण की गिरफ्तारी एवं घटना में प्रयुक्त हथियार वाहन आदि की बरामदगी हेतु थाना प्रभारी माताबसैया को निर्देशित किया गया कि निर्देशों के तारतम्य में अति. पुलिस अधीक्षक मुरैना सुरेन्द्र पाल सिंह डावर के निर्देशन एवं उप पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) विजय सिंह भदौरिया के मार्गदर्शन में थाना माताबसैया पुलिस द्वारा थाना स्तर पर पुलिस टीम गठित की गई. घटनास्थल के आस-पास के सीसीटीव्ही फुटेज चैक किये गये एवं मुखबिर तंत्र सक्रिय किया गया।

तब दिनांक 03.07.25 को थाना प्रभारी माताबसैया को सूचना प्राप्त हुई कि अपराध क्रमांक 99/25 में शामिल 01 आरोपी नहर की पुलिया से बरेथा की तरफ आ रहा है। मुखबिर की उक्त सूचना के आधार पर थाना माताबसैया पुलिस द्वारा 01 आरोपी को घटना के 24 घंटे के भीतर ग्राम बरेथा कुआरी नदी के पुल से गिरफ्तार कर उसके कब्जे से घटना में प्रयुक्त मोटर साइकिल, अवैध हथियार 315 बोर का कट्टा मय खाली राउंड जब्त किया गया एवं गिरफ्तारशुदा आरोपी को माननीय न्यायालय के समक्ष पेश कर जेल भेजा गया। प्रकरण में फरार चल रहे शेष 01 आरोपी की गिरफ्तारी हेतु भी प्रयास जारी है, जिसे भी शीघ्र गिरफ्तार कर लिया जायेगा। कार्यवाही में उनि. जयपाल सिंह गुर्जर थाना प्रभारी माताबसैया हमराह फोर्स, प्रआर. 961 श्यामवीर सिंह, प्रआर, शिव सिंह, प्रआर महेश कुमार, आर. दीपेन्द्र, आर करन सिंह, आर सौरभ, आर दीपक राजपूत, आर. योगेश जाट, आर दीनदयाल गुर्जर, आर चालक अंकेश की सराहनीय भूमिका रही है।

# तृतीय दिवस भगवान शिव व माता पार्वती प्रसंग की कथा सुनाई शास्त्री जी ने

-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज-

**मुरैना/जौरा।** तृतीय दिवस की कथा में माँ पार्वती भगवान शिव से प्रश्न करती हैं कि दशरथ नंदन राम ही ब्रृम्ह हैं और यदि वह ब्रह्म है मनुष्य रुप में क्यों आए ।। निर्गुण ब्रह्म सगुण स्वरूप क्यों धारण किए।। राम जी के जन्म की एवं बाल लीला एवं बड़े होकर जो जो लीलाएं की एवं जो मैंने नहीं पूछा वह सब कहिए।। माता पार्वती भगवान शिव जी से राम कथा सुनाने को कहतीं हैं।। शिव जी ने माँ पार्वती को आज की कथा में राम जन्म के हेतु, नारद मोह की कथा, एवं राजा दशरथ जी के यहां गुरु वशिष्ठ जी सन्निधि में पुत्र कामेष्टिए यज्ञ कराया एवं अग्नि देवता के सुंदर पायस खीर को प्राप्त करके तीनों रानियां केकई, कौशल्या, सुमित्रा गर्भवती होती हैं एवं समय आने पर तीनों को पुत्र की प्राप्ति होती है।। और माँ कौशल्या के यहां राम, केकई माँ के यहां भरत जी एवं सुमित्रा माँ के यहां लक्ष्मण एवं सत्रुघ्न लाल जी का प्रादुर्भाव होता है ।। आज की कथा में राम जन्म धूम धाम से मनाया गया।। यह राम कथा बालाजी कैलादेवी दरबार में हो रही है। श्रीराम कथा का वर्णन अपने मुखारविंद से ओजस्वी वाणी से संजय कृष्ण शास्त्री भक्तों को सुन कर गदगद कर रहे हैं।



# समाज सुधार समिति के अध्यक्ष नारायण सिंह दद्दू का निधन, क्षत्रिय महासभा ने शोक जताया

-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज-

**मुरैना।** समाज सुधार समिति के अध्यक्ष नारायण सिंह दद्दू का शुक्रवार की सुबह निधन हो गया। वे 100 वर्ष के थे। शिक्षक की नौकरी से सेवानिवृत्त होने के बाद वे सामाजिक कार्यों में जुट गए। गत कई वर्षों से क्षत्रिय समाज में मृत्युभोज से लेकर तमाम सामाजिक कुरीतियों को लेकर काम कर रहे थे। आखिरी साँस तक उन्होंने समाज के कार्यों को प्राथमिकता दी और हर छोटे-बड़े आयोजन में अपनी सहभागिता की। वे पिछले कुछ दिनों से अस्वस्थ चल रहे थे। आज सुबह बड़ोखर स्थित मुक्तिधाम में अंतिम संस्कार किया गया। इस दौरान सामाजिक क्षेत्र से जुड़े तमाम लोगों ने उन्हें श्रद्धांजलि दी। उनके निधन पर क्षत्रिय महासभा ने गहरा शोक व्यक्त करते हुए उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए। शोक व्यक्त करने वालों में सुमावली क्षेत्र के पूर्व विधायक सत्यपाल सिंह सिकरवार (नीटू), सोबरन सिंह गुर्जा, क्षत्रिय महासभा के प्रदेशाध्यक्ष गजेन्द्र सिंह राठौड़, प्रदेश महामंत्री रामबल सिंह सिकरवार, राघवेन्द्र सिंह तोमर, अरविंद सिंह सिकरवार, मुनेश सिकरवार, मनोज सिंह सिकरवार गुर्जा, अशोक सिंह भदौरिया, रामअवतार सिंह सिकरवार, मानवेन्द्र सिंह सिकरवार (गाँधी), जयनारायण सिंह तोमर, कलुआ सिकरवार, श्यामवीर सिंह राठौड़, केशव सिंह तोमर, किशन सिंह तोमर, अनुराग सिंह परमार, ब्रजेश परमार आदि शामिल हैं।



## वरिष्ठ समाजसेवी नारायण सिंह दद्दू का निधन सर्व समाज के लिए अपूर्णनीय क्षति

**मुरैना।** दद्दू के नाम पहचाने जाने वाले वरिष्ठ समाजसेवी सेवानिवृत शिक्षक नारायण सिंह सिकरवार पंचमपुरा का शुक्रवार को निधन हो गया। दद्दू न केवल अपने क्षेत्र के वरिष्ठ नागरिक थे, बल्कि उन्होंने अपना संपूर्ण जीवन समाजसेवा, सद्भाव, और नैतिक मूल्यों की स्थापना के लिए समर्पित कर दिया। बिस्मिल शिक्षा एवं जनकल्याण सेवा संस्थान के अध्यक्ष डॉ. नरेश सिंह सिकरवार ने कहा कि दद्दू सदैव निष्कलंक सेवा भाव, सादगीपूर्ण जीवनशैली और सबको साथ लेकर चलने वाली सोच के लिए जाने जाते रहे। उन्होंने जाति-पंथ से ऊपर उठकर सर्व समाज के उत्थान के लिए कार्य किए और अनेक सामाजिक आंदोलनों में अपनी प्रेरणादायी भूमिका निभाई। समाज में शराबबंदी के प्रति जन आंदोलन चलाना हो या मृत्युभोज जैसी सामाजिक बुराई के खिलाफ लड़ाई में जनसामान्य को जोड़ना हों यह काम दद्दू ने बखूबी निभाया। उनका जीवन हम सभी के लिए एक आदर्श है। वे समाज के युवाओं के लिए प्रेरणा स्रोत थे, जिनके विचार, अनुभव और मार्गदर्शन हमेशा स्मरणीय रहेंगे। शोक जताने वालों में विमलेश कुमार यादव, सतंजय मिश्रा, रघुराज परमार, डॉ. हरेंद्र तोमर, रामावतार सिंह चंबल आदि शामिल हैं।

# आकाशीय बिजली गिरने से मकान की छत क्षतिग्रस्त





-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज-

**मुरैना/जौरा।** गुरुवार को तेज गड़गड़ाहट के साथ आकाशीय बिजली गिरने से जौरा तहसील अंतर्गत मोधना जवाहर गांव में एक ग्रामीण के मकान की छत चटक गई। पानी की टंकी फूट गई। बिजली के उपकरण भी जल गए। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार 03 जुलाई को काफी तेज गड़गड़ाहट के साथ आकाशीय बिजली मोधना जवाहर गांव में रहने वाले कृषक सुल्तान सिंह सिकरवार के मकान पर जाकर गिरी। आकाशीय बिजली के सिकरवार के मकान पर गिरने से मकान की छत टूट गई, उस पर रखी सिंथेटिक पानी की टंकी भी फूट गई, घर में लगे बिजली के कई उपकरण भी जल गए। गनीमत यह रही कि आकाशीय बिजली के प्रकोप से जनहानि होने से बच गई।

# पांच लोगों ने दुकान में घुसकर फोटोग्राफर की मारपीट की

## 1 लाख का निकोन का कैमरा एवं 10000 नगदी भी ले गए दुकान से

-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज-

**मुरैना/जौरा।** चंद्रशेखर आजाद रोड पर रॉयल फोटो स्टूडियो के नाम से संचालित एक दुकान पर पांच युवक आए और दुकानदार से फोटो खींचने की बात कही। फोटोग्राफर दुकानदार उन्हें कमरे में फोटो खींचने अंदर ले गया, वहीं ग्राहक बनकर आए बदमाशों ने दुकानदार की मारपीट कर डाली। फरियादी जितेंद्र कुशवाहा पुत्र मुंशी कुशवाहा की चंद्रशेखर आजाद रोड पर फोटो स्टूडियो की दुकान है। 04 जुलाई को दोपहर में पांच लोग ग्राहक बनकर दुकान पर आए और जितेंद्र कुशवाहा से बोले हमें फोटो खिंचवाने हैं। दुकानदार जितेंद्र कुशवाहा ने कहा कि मेरे पास ग्राहक हैं, थोड़ी देर में आपका फोटो खींचता हूं। लगभग 10 मिनट बाद अन्य ग्राहकों से फ्री होने के बाद जितेंद्र कुशवाहा ने उक्त लोगों को फोटो खिंचवाने के लिए अंदर कमरे में बुला लिया। चार लोग अंदर आ गए, एक



युवक बाहर ही खड़ा रहा। अंदर आए चारों लोगों ने अचानक फोटोग्राफर दुकानदार जितेंद्र कुशवाहा की मारपीट कर दी। जितेंद्र की जमकर मारपीट करने के बाद उक्त चारों लोग लगभग 1 लख रुपए का कैमरा एवं 10,000 रुपये के करीब दुकान में से उठाकर ले गए। इसी आशय का आवेदन जितेंद्र कुशवाहा ने जौरा थाने में दिया है। पुलिस ने घायल जितेंद्र का मेडिकल भी कराया है। उसके हाथ में, सिर में, चेहरे पर चोट भी आई है। थाने के प्रधान आरक्षक रामदीन सिंह ने बताया है कि घायल दुकानदार का मेडिकल करा दिया गया है। आवेदन की जांच सब इंस्पेक्टर विवेक सिंह तोमर कर रहे हैं, वहीं फरियादी जितेंद्र कुशवाहा का कहना है कि मेरी दुकान पर पांच लोग फोटो खिंचवाने आए। उन्होंने फोटो खिंचवाने की बात कही तो पांच लोगों में से मैं चार लोगों को अंदर ले गया। चार लोगों ने मेरी लात-घूंसों से जमकर मारपीट कर डाली। एक लाख की कीमत का कैमरा ले गए। दुकान में रखिए 10,000 भी उठा ले गए। कार्यवाही के लिए थाने में मैंने रिपोर्ट भी की है।

# जौरा में प्लॉट के विवाद पर युवक को संदिग्ध अवस्था में लगी गोली



-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज-

**मुरैना/जौरा।** शासकीय भूमि पर प्लॉट के मामले को लेकर एक युवक को संदिग्ध अवस्था में गोली लगी है। फरियादी रानू उर्फ रविंद्र सिंह गुर्जर पुत्र मातादीन गुर्जर निवासी बुढ़ावली उम्र लगभग 35 वर्ष हाल निवासी ब्लॉक पुरा वार्ड क्रमांक 18 ने जौरा अस्पताल में इलाज के दौरान बताया कि 03 जुलाई रात 9:00 बजे की लगभग वह अपने ताऊ जी के लड़के दल्लू मिस्त्री के घर खाना खाने जा रहा था। इतने में ही सड़क खरंजा पर नरेंद्र गुर्जर, अनिल गुर्जर, बृजेश, रामवीर गुर्जर, कुबेर सिकरवार सहित अन्य लोगों ने अपनी लाइसेंसी बंदूक से फायर किये। फायर करने से बंदूक की गोली मेरे बाएं हाथ में लगी है। घायल रविंद्र का यह भी कहना है कि उक्त लोगों से मेरा प्लॉट का विवाद चल रहा है, जिसके चलते उन लोगों ने मुझे अपनी लाइसेंसी माउजर 315 बोर एवं इंग्लिश बंदूक से गोली मारी है।


प्रकरण में नगर निरीक्षक उदयभान सिंह यादव का कहना है कि प्रथम प्रथम दृष्टया मामला संदिग्ध है। घायल की प्री एमएलसी कर दी गई है। जांच उपरांत जो भी वस्तुस्थिति निकलेगी उस आधार पर मामला कायम किया जाएगा। फिलहाल घायल को जौरा अस्पताल में प्री एमएलसी के बाद इलाज के लिए जिला चिकित्सालय रेफर किया गया है।

# 378 सफाई कर्मचारियों का स्वास्थ्य परीक्षण कर जांच की गई

-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज-

**मुरैना।** शुक्रवार को जिलाधीश अंकित अस्थाना के निर्देशन में एवं नगर निगम आयुक्त सतेंद्र धाकरे, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. पदमेश उपाध्याय के मार्गदर्शन में सघन टीबी अभियान, टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत नगरनिगम मुरैना में सफाई कर्मचारियों का स्वास्थ्य परीक्षण शिविर आयोजित किया गया। जिसमें टीबी, शुगर, बीपी की जांच कर स्वास्थ्य विभाग की योजनाओं की जानकारी दी गई।

इस अवसर पर डीटीओ डॉ. नरेंद्र उपाध्याय ने टीबी मुक्त भारत अभियान की जानकारी देते हुए बताया कि टीबी की बीमारी लाइलाज नहीं है, इसका उपचार उपलब्ध है और नियमित दवाईयों का उपयोग कर एवं पोषण युक्त आहार लेने से टीबी आसानी से ठीक हो सकती है। भारत सरकार पूरे देश को टीबी मुक्त बनाने का प्रयास कर रही है, अगर इस अभियान में आम नागरिक आगे आए तो हम मुरैना को टीबी मुक्त कर सकते है। डीपीसी बृजेश सिंह राजपूत ने बताया कि इस अभियान के दौरान मुरैना जिले की कुल आबादी का 20 प्रतिशत वर्नेबल आबादी को स्वास्थ्य विभाग स्क्रीन कर निश्चय में इनरोलमेंट



कर संभावितों की जांच और पोर्टेबल एक्सरे मशीन से एक्सरे किए जा रहे हैं। संपूर्ण मुरैना में उप स्वास्थ्य केंद्र स्तर से लेकर गांव-गांव में प्रचार-प्रसार कर टीबी के संभावित मरीजों को खोजा जा रहा है। टीबी मरीज के पोषण में सुधार हो इसके लिए जनभागदारी अभियान चलाकर निश्चय मित्र बनाए जा रहे है, जो मरीजों पोषण आहार उपलब्ध करा रहे हैं। निश्चय पोषण राशि 1000 रुपए प्रत्येक महीने मरीज के खाते में सीधे डीबीटी के माध्यम से दिए जाते हैं। उन्होंने बताया कि टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत टीबी उन्मूलन लक्ष्य 2025 को प्राप्त करने के लिए उपस्वास्थ्य केंद्र स्तर पर स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं की देख रेख में टीबी के लक्षणों वाले संभावित क्षय रोगियों को खोजने के लिए ब्लॉक स्तर पर स्वास्थ्य टीम कार्य कर रही है, जो ग्रामीण क्षेत्रों में टीबी की स्क्रीनिंग कर स्पूटम सैंपल करा रही है और मेडिकल ऑफिसर की मदद से डायग्नोसिस कर मेडिसिन उपलब्ध कराई जा रही है, साथ ही निश्चय मित्रों के माध्यम से पोषण युक्त सामग्री भी दी जा रही है। इसके अलावा प्राइवेट सेक्टर में भी मरीजों को नोटिफाई किया जा रहा है और उन्हें भी स्वास्थ्य संबंधी सभी सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। इस अवसर पर डॉ. जगदीश टैगोर स्वास्थ्य अधिकारी नगर निगम मुरैना डॉ. रामहरि शर्मा, डॉ. अंजू असवर, डॉ. अजय सिंह, सचिन पचौरी, जितेंद्र सिंह नरवरिया, यतेंद्र सिंह, नीतेश गर्ग, शिवप्रताप, विवेक, दीपक शर्मा, देवेंद्र कुशवाह, इंदेश सहित स्वास्थ्य विभाग वो डीटीसी टीम उपस्थित थी। इस अवसर पर 120 मरीजों के खखर सैंपल लिए गए। 205 बीपी शुगर किए गए। साथ ही सामान्य मरीजों को दवा वितरण और एक्स-रे किए गए।

## प्रतिभा चयन कार्यक्रम

# एथलेटिक्स (ट्रेक एण्ड फील्ड ईवेंट) का आयोजन आज

-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज-

**मुरैना।** मध्यप्रदेश शासन खेल और युवा कल्याण भोपाल के तत्वाधान में प्रदेश में संचालित विभिन्न खेल अकादमियों हेतु प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी प्रतिभा चयन कार्यक्रम (टेलेण्ट सर्च) में खिलाड़ियों का फिटनेस टेस्ट के आधार पर अगले स्तर हेतु एथलेटिक्स (ट्रेक एण्ड फील्ड ईवेंट) खेल में 05 जुलाई 2025 को प्रातः 06 बजे 5वीं बटालियन परिसर मुरैना में चयन किया जायेगा। प्रतिभा चयन में खिलाड़ियों का चयन संचालनालय खेल युवा कल्याण भोपाल से आने वाली तकनीकि व उच्च प्रशिक्षकों की टीम द्वारा किया जायेगा।

संभागीय खेल अधिकारी प्रशांत कुमार कुशवाह ने बताया कि एथलेटिक्स खेल से संबंधित प्रतिभा चयन कार्यक्रम (टैलेण्ट सर्च) में रजिस्ट्रेशन हेतु ऑनलाईन लिंक https://myyouthmp&.in/telantsearch/ है। इसके अतिरिक्त ऑफलाइन भी खिलाड़ी अपना स्वयं का रजिस्ट्रशन हेतु आवेदन संलग्न आवश्यक दस्तावेजों (आयु, मूल निवासी, स्थानीय निवासी, चरित्र प्रमाण-पत्र, आधार कार्ड की छायाप्रति संलग्न करते हुए टैलेण्ट सर्च में मूल दस्तावेज लाना अनिवार्य होगा। एथलेटिक्स खेल में रूचि रखने वाले अधिक से अधिक खिलाड़ियों जिनकी आयु 8 से 16 वर्ष के मध्य हो, खिलाड़ी अपने साथ स्वयं का आधार कार्ड, जन्म प्रमाण-पत्र, खेल से संबंधित प्रमाण-पत्र एवं 02 फोटो अनिवार्यतः लाने हेतु सूचित करते हुए सहभागिता दर्ज करायें। आयु की गणना 01 जुलाई 2025 से की जायेगी। प्रतिभा चयन में भाग लेने वाले खिलाड़ियों को भोजन एवं आने-जाने का व्यय स्वयं वहन करना होगा। खिलाड़ियों से अनुरोध है कि प्रतिभा चयन कार्यक्रम (टैलेन्ट सर्च) में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेकर शासन की योजनाओं का लाभ लें। अधिक जानकारी हेतु कार्यालय संभागीय खेल और युवा कल्याण अधिकारी मुरैना में पदस्थ संविदा जिला एथलेटिक्स प्रशिक्षक नरेन्द्र सिंह तोमर मोबाइल के नंबर 7974480880 एवं संविदा ग्रामीण युवा समन्वयक ब्लॉक मुरैना जितेन्द्र कुमार शुक्ला के मोबाइल नंबर 9301065512 से सम्पर्क कर सकते हैं।

# रोटरी क्लब चम्बल ने नवीन सत्र 2025-26 के शुभारंभ पर किया डॉक्टर्स और सीए का सम्मान

-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज-

**मुरैना।** रोटरी की गौरवशाली परंपरा का निर्वहन करते हुए रोटरी क्लब चम्बल ने नवीन का आगाज करते हुए सत्र 2025-26 का शुभारंभ 01 जुलाई मंगलवार को डॉक्टर्स डे एवं सीए डे के उपलक्ष्य में शहर के प्रमुख 2 डॉक्टर्स एवं 2 सीए - डॉ. सुरेश गुप्ता, डॉ. राहुल गुप्ता, सीए आदित्य गोयल, सीए राहुल गुप्ता का सम्मान किया। गतिविधियों में रोटरी क्लब चम्बल की ओर से डिस्ट्रिक्ट सेक्रेटरी आनंद गुप्ता, सह प्रान्तपाल आकाश चांदिल, अध्यक्ष अभय परमार, सचिव नींरज बांदिल, कोषाध्यक्ष अनूप सिंघल, कोषाध्यक्ष रोहित शिवहरे, सीए गोविंद चांदिल, प्रमोद उपाध्याय, गिर्राज अर्गल, कमल गोयल, राहुल वर्मा आदि सदस्य उपस्थित होकर सभी डॉक्टरों और सीए सम्मान कर उनका मनोबल बढ़ाया, साथ ही साथ डॉक्टर और सीए डे की बधाईया एवं शुभकामनाएं दीं। रोटरी क्लब चम्बल के अध्यक्ष ने कहा कि डॉक्टर्स और सीए दोनों की अहमियता हमारे जीवन मे बहुत होती है, क्योंकि डॉक्टर्स हमारी हेल्थ का ख्याल रखते है और सीए हमारी वेल्थ का इश्लिये इन दोनों से सदैव जुड़ाव बना रहना चाहिए और समय-समय पर जब भी मौका मिले, इनका सम्मान करना चाहिए।



## हिट एंड रन/गुड समेरेटिन एवं राहगीर योजना के लिए कलेक्टर ने नोडल अधिकारी किए नियुक्त

**मुरैना।** सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय भारत सरकार के निर्देशानुसार मोटरयान अधिनियम, 1988 की धारा 162 के प्रावधानों अनुसार पीड़ित को दुर्घटना दिनांक से अधिकतम 07 दिवसों तक प्रति पीड़ित राशि 1.5 लाख तक के नगदी रहित उपचार किए जाने का उल्लेख किया गया है। इस संबंध में कलेक्टर अंकित अस्थाना ने अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मुरैना सुरेन्द्रपाल सिंह डाबर को सड़क सुरक्षा समिति में शिकायत निवारण अधिकारी नियुक्त किया गया है। इसी प्रकार हिट एंड रन/गुड समेरेटिन एवं राहगीर योजना के समुचित क्रियान्वयन के लिए पदेन अपर कलेक्टर मुरैना श्री सी.बी. प्रसाद को नोडल अधिकारी एवं पदेन क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी मुरैना श्रीमती अर्चना परिहार को सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया है। सड़क सुरक्षा समिति की समय-समय पर बैठक आयोजित किए जाने हेतु कलेक्टर ने निर्देशित किया है। इसके लिए जिला सूचना विज्ञान अधिकारी सुनील त्यागी को डाटा फीडिंग एवं बेब साईड पर मोटरयान अधिनियम के निर्देशों को फीड किए करने की जिम्मेदारी सौंपी है।


कार्यालय अधीक्षण यंत्री
ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, चम्बल मण्डल मुरैना (म0प्र0)

क्र./ 492 /ग्रा.या.से./तक/25 — मुरैना,दिनांक 30/06/25

//प्रेस विज्ञप्ति//

संक्षिप्त निविदा आमंत्रण सूचना क्रमांक – 05/2025–26

निम्नलिखित कार्यों की ऑनलाईन प्रतिशत दर निविदायें लोक निर्माण विभाग में केन्द्रीकृत पद्धिति से पंजीकृत सक्षम ठेकेदारों से दो-कवर प्रणाली में ऑनलाईन आमंत्रित की जाती है।

| क्र. | ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभागीय कार्यालय | टेण्डर आई.डी. | कार्य का प्रकार | कार्यों की संख्या | निर्माण कार्यों की अनुमानित (पी.ए.सी.) लागत (लाख में) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | कार्यपालन यंत्री ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग मुरैना | 2025_RES_433721 | धनेला सिहोरी पुरा तिराहे से गंट्टे के पुरा तक बी.टी. रोड निर्माण कार्य जनपद पंचायत मुरैना | 1 | 64.36 |
| | कार्यपालन यंत्री ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग भिण्ड | 2025_RES_433722 | सामुदायिक भवन एवं मिनी स्टेडियम निर्माण मऊण्ड जनपद पंचायत रौन | 1 | 25.16 |

उपरोक्त निविदाओं के निविदा प्रपत्र (टेंडर डाक्यूमेंट), वेबसाईट https://www.mptenders.gov.in पर ऑनलाईन भुगतान कर क्रय किये जा सकेंगें। निविदा प्रपत्र क्रय करने का दिनांक 07.07.2025 समय–10.00 बजे से प्रारंभ होकर, निविदा प्रपत्र क्रय एवं ऑन लाईन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 23.07.2025 समय–18.00 बजे तक निर्धारित है। विस्तृत निविदा सूचना व अन्य जानकारी वेब साईट पर देखी जा सकती है।

संशोधन संबंधी सूचनाएं उपरोक्त वेबसाईट पर दी जावेगी।

(आर.सी. जाटव)
अधीक्षण यंत्री
ग्रामीण यांत्रिकी सेवा
चम्बल मण्डल मुरैना (म.प्र.)

G15150/25

# प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को बेहतर शिक्षा उपलब्ध कराने के लिये सरकार कृत-संकल्पित: मंत्री कुशवाह

## शाजापुर में 1558 विद्यार्थियों को मिली राशि

-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज-

**भोपाल।** सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण, उद्यानिकी तथा खाद्य प्रसंस्करण एवं शाजापुर जिले के प्रभारी मंत्री नारायण सिंह कुशवाह ने कहा है कि प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं को शिक्षा की बेहतर सुविधा उपलब्ध कराने के लिये राज्य सरकार कृत-संकल्पित है। मंत्री श्री कुशवाह प्रतिभाशाली विद्यार्थी प्रोत्साहन योजना के अंतर्गत शुक्रवार को शाजापुर में लैपटॉप वितरण कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम में जिले के 1558 विद्यार्थियों को 25-25 हजार रुपये की राशि प्रदान की।

मंत्री श्री कुशवाह ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा भोपाल से राज्य स्तरीय कार्यक्रम में प्रदेश के 94 हजार 234 प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को 25-25 हजार रुपये की राशि उनके बैंक खातों में अंतरित की गयी है। मंत्री श्री कुशवाह ने सांकेतिक रूप से शाजापुर जिले के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को लैपटॉप खरीदने के लिए चैक वितरित किये।



***शाजापुर में प्रभारी मंत्री श्री कुशवाह द्वारा बाढ़ राहत तैयारियों की समीक्षा***


मंत्री श्री कुशवाह ने शाजापुर जिले के प्रवास के दौरान वर्षा ऋतु को ध्यान में रखते हुए बाढ़ राहत और बचाव कार्यों की तैयारियों की समीक्षा की। मंत्री श्री कुशवाह ने कहा कि आपदा की स्थिति से प्रभावी ढंग से निपटने के लिये सभी विभागों को सजग रहना होगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिये कि बाढ़ की स्थिति की सतत निगरानी करें।प्रयास ऐसा हो कि जान-माल का नुकसान न हो। उन्होंने कहा कि बाढ़ संभावित क्षेत्रों में समुचित व्यवस्थाएं, राहत एवं बचाव कार्य, आवश्यक सामग्री की उपलब्धता तथा समन्वयकारी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। स्थानीय विधायकगण और प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित थे।

# विद्यार्थी पढ़-लिखकर मुरैना का नाम रोशन करें, यही मेरी मंशा: सांसद तोमर

## प्रतिभाशाली विद्यार्थी प्रोत्साहन योजना के तहत मुरैना जिले के 4214 छात्रों को मिली 25-25 हजार रूपये लैपटॉप की

-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज-

**मुरैना।** प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कुशाभाउ ठाकरे अंतराष्ट्रीय सभागार भोपाल से आज प्रदेश के 94 हजार बच्चों को लैपटॉप की राशि 25-25 हजार के मान से सिंगल क्लिक से हस्तांतरित की है। जिसमें मुरैना जिले के 4 हजार 214 छात्रों को भी यह राशि प्राप्त हुई है। मुरैना में शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय क्रमांक 1 में आयोजित हुए कार्यक्रम में मुरैना श्योपुर के सांसद शिव मंगल सिंह तोमर ने कहा कि विद्यार्थी खूब पढ़ें-खूब बढ़ें, मुरैना का नाम रोशन करें यही मेरी मंशा है। उन्होंने मेधावी छात्रों को सम्मानित भी किया। इस अवसर पर कलेक्टर अंकित अस्थाना, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत कमलेश कुमार भार्गव, जिला शिक्षाधिकारी सुधीर सक्सेना, डीपीसी हरीश तिवारी सहित 75 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले 10वीं एवं 12वीं के छात्र एवं विद्यालय के प्राचार्य सहित शिक्षक उपस्थित थे।




सांसद शिवमंगल सिंह तोमर ने कहा कि हम सबके लिये आज का दिन बड़ा ही गौरवशाली है कि मुख्यमंत्री द्वारा मुरैना जिले के 4214 छात्रों को 25-25 हजार रूपये लैपटॉप क्रय करने हेतु राशि हस्तांतरित की है। मुरैना जिले के 16 छात्रों ने प्रदेश की मेरिट सूची में स्थान प्राप्त किया है।जिनमें से 2 छात्रों को मुख्यमंत्री के हाथों से भोपाल में शुक्रवार को सम्मानित किया गया है। यह मुरैना के लिए बड़े ही गौरव की बात है।उन्होंने कहा कि पढ़ाई के साथ-साथ छात्र अपने जीवन में शारीरिक क्षमता को भी बढ़ाये। सांसद शिवमंगल सिंह तोमर ने कहा कि मुरैना जिला प्रदेश में उत्कृष्ट स्थान पर रहे यही मेरी मनोकामना है,यह तभी संभव होगा जब बच्चे आगे बढ़ेंगे और उन्नति के मार्ग पर अग्रसर होंगे।उन्होंने कहा कि आज यह कार्यक्रम का आयोजन प्रदेश के सभी जिलों में मंत्री एवं प्रभारी मंत्रीयों की मौजूदगी में एक साथ किया जा रहा हैं,यह बड़े ही प्रशंसा का विषय है। कार्यक्रम का संचालन डॉ. राकेश कुमार शर्मा ने किया। कार्यक्रम के अंत में सभी छात्रों को सांसद व कलेक्टर ने पुष्प गुच्छ, शील्ड प्रदान कर सम्मानित किया।

# सड़कों की मरम्मत युद्ध स्तर पर कराएँ: प्रभारी मंत्री सिलावट

**- प्रभारी मंत्री ने ऊर्जा मंत्री के साथ भ्रमण कर लिया सड़कों का जायजा**

**ग्वालियर।** बरसात से क्षतिग्रस्त हुईं शहर की सड़कों की मरम्मत युद्ध स्तर पर कराएँ। शहर के सभी 25 जोन के लिये विशेष दल गठित करें। साथ ही जोन वार मशीनों व सड़क मरम्मत में उपयोग में आने वाले मटेरियल का पर्याप्त इंतजाम किया जाये और यदि जरूरत हो तो किराए पर भी पोकलेन, जेसीबी व डम्फर लिए जाएं। यह निर्देश जिले के प्रभारी एवं जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट ने शुक्रवार को एक बैठक के दौरान निगम आयुक्त को दिए। शहर की जर्जर सड़कों को लेकर आयोजित हुई बैठक में ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर व भाजपा जिला अध्यक्ष जयप्रकाश राजौरिया भी उपस्थित थे। बैठक के बाद प्रभारी मंत्री ने शहर की सड़कों का जायजा भी लिया। शहर की जर्जर सड़कों और सड़कों के कारण हो रहे हादसों को प्रभारी मंत्री ने गंभीरता से लिया है। ग्वालियर प्रवास पर आये प्रभारी मंत्री सिलावट ने शुक्रवार को निगम आयुक्त के साथ एक बैठक आयोजित कर शहर की सड़कों को लेकर चर्चा की।



बैठक में मंत्री श्री सिलावट ने फोन लगाकर राज्य शासन के नगरीय विकास एवं प्रशासन विभाग के प्रमुख सचिव से ग्वालियर शहर की सड़कों के लिये 50 करोड़ रूपए की धनराशि उपलब्ध कराने के लिये कहा। बैठक में श्री सिलावट ने पुख्ता भरोसा दिलाते हुए कहा कि शहर की सड़कों के लिये धन की कमी नहीं आने दी जायेगी। इस संबंध में वे मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से भी चर्चा करेंगे। प्रभारी मंत्री सिलावट ने शहर की सड़कों के मरम्मत कार्य की प्रतिदिन की प्रगति रिपोर्ट फोटोग्राफसहित भेजने के निर्देश नगर निगम आयुक्त को दिए। साथ ही कहा कि सड़कों की गुणवत्ता के साथ कोई समझौता न हो। यदि गुणवत्ता में कमी पाई गई तो दोषी अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जायेगी। बरसात की वजह से शहर की जिन बस्तियों में जल भराव होता है वहाँ से पानी की निकासी की पुख्ता व्यवस्था करने पर भी उन्होंने बल दिया।

बैठक में कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान एवं निगम आयुक्त संघ प्रिय ने प्रभारी मंत्री सिलावट को सड़कों की मरम्मत के लिये बनाई गई कार्य योजना के बारे में जानकारी दी। निगम आयुक्त संघ प्रिय ने बताया कि वर्तमान में शहर में 25 जेसीबी, 42 डम्फर व 2 पोकलेन मशीन सड़कों की मरम्मत कार्य में लगी हैं। साथ ही आवश्यकता के अनुसार किराए पर भी मशीनें इस काम में संलग्न की जायेंगीं। सड़कों की मरम्मत कराने के लिये जोनवार दल गठित कर दिए गए हैं। सभी जोन में सड़कों की मरम्मत का काम जारी है।

शहर भ्रमण कर सड़कों का लिया जायजा

प्रभारी मंत्री तुलसीराम सिलावट, ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर व भाजपा जिला अध्यक्ष जयप्रकाश राजौरिया ने बैठक के बाद शहर भ्रमण कर शहर की विभिन्न सड़कों का जायजा लिया। मंत्री द्वय ने दुपहिया वाहन से भ्रमण कर भी शहर की विभिन्न सड़कें देखीं। इस अवसर पर निगम आयुक्त संघ प्रिय ने जानकारी दी कि एयरटेल ऑफिस की ओर से जाने वाली सड़क के निर्माण के लिये लगभग डेढ़ करोड़ रूपए का टेंडर हो चुका है। बरसात के बाद सड़क का काम शुरू कराया जायेगा। श्री सिलावट ने मौके पर मौजूद नगर निगम के अधिकारियों को निर्देश दिए कि बरसात की वजह से जहाँ-जहाँ ये सड़कें क्षतिग्रस्त हुई हैं उन सभी की मरम्मत तत्परता से कराएं। भ्रमण के दौरान भाजपा नेता आशीष प्रताप सिंह राठौर, विनोद शर्मा, अपर आयुक्त विजय राज मौजूद थे।

## मुख्य मार्गों से हटाया अस्थाई अतिक्रमण



**ग्वालियर।** शहर में सुगम यातायात के लिए नगर निगम के मदाखलत अमले द्वारा निरंतर अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही की जा रही है। जिसके अंतर्गत शहर के सभी प्रमुख मार्केट एवं सडकों पर अतिक्रमण हटाने के लिए अभियान चलाया गया। मदाखलत अधिकारी शैलेन्द्र सिंह चौहान ने बताया कि ऊंट पुल से दौलतगंज से सराफा बाजार से डीडवाना ओली से गस्त का ताजिया से हनुमान चौराहा से गोयल उत्सव वाटिका लक्ष्मीगंज तक विभिन्न स्थानों पर खड़े यातायात में बाधक हाथ ठेलों, फुटपाथी दुकानों, दुकानदारों की दुकानों के बाहर सडक पर रखे स्टेन्ड बोर्डो, काउन्टरों, टेबलों, कुर्सियो एवं रखे आदि सामानो एवं अन्य अस्थाई अतिक्रमण को दल (दक्षिण) द्वारा हटवाया गया। कार्यवाही में मदाखलत निरीक्षक सुघर सिंह सहित दल (दक्षिण) मौजूद रहा।

## लापरवाह पांच वार्ड हेल्थ ऑफिसर को मिला नोटिस

ग्वालियर। स्वच्छता के कार्य में लापरवाही बरतने वालों के खिलाफ निगम आयुक्त संघ प्रिय ने सख्त कदम उठाते हुये प्रभारी वार्ड हेल्थ ऑफिसर नीरज करोसिया, प्रदीप सेन, लाखन करोसिया, देवेन्द्र कटारे, आकाश करोसिया को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है।

**उत्तर मध्य रेलवे**

No. JHS/W/DO/misc/LHS-08 Date: 04.07.2025

**सार्वजनिक सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्वालियर-धौलपुर रेल मार्ग पर मुरैना-सिकरौदा रेलवे स्टेशन के बीच स्थित रेलवे फाटक संख्या 452 (रेलवे किमी. 1270/22-24) को TRR(P) कार्य हेतु दिनांक 05.07.2025 से 06.07.2025 तक अस्थाई तौर पर बंद किया जा रहा है। इस दौरान वैकल्पिक मार्ग के रूप में आने जाने हेतु 1.0 किमी. स्थित (LHS-453) का उपयोग किया जा सकता है।

वरिष्ठ मण्डल अभियन्ता/उत्तर
उत्तर मध्य रेल, झाँसी

1172/25 (ADM)

North central railways www.ncr.indianrailways.gov.in @CPRONCR




स्वामित्वधिकारी प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक चन्द्रप्रकाश शिवहरे के लिए मै. अंजली पब्लिकेशन एबी रोड़ मथुरा से मुद्रित, एवं ए-44-फस्ट फ्लोर, अशोका इन्क्लेव, पार्ट-2 सेक्टर- 37 फरीदाबाद हरियाणा (NCR) से प्रकाशित, आरएनआई नं. एचएआरएचआईएन /2009/ 28496 संपादक चन्द्रप्रकाश शिवहरे। मो. 9958434103 सभी विवादों का न्याय क्षेत्र फरीदाबाद न्यायालय होगा।